आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-014 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## जम्मू-कश्मीर को मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा :पीएम

**श्रीनगर,12 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा जल्द ही बहाल किया जाएगा और प्रक्रिया के बाद पहाड़ी राज्य में विधानसभा चुनाव भी होंगे। उधमपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि मोदी बहुत आगे की सोचते हैं। इसलिए अब तक जो हुआ है वह सिर्फ ट्रेलर है। मुझे नए जम्मू-कश्मीर की एक नई और अद्भुत तस्वीर बनाने में जुट जाना है। समय आ गया है। अब दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे, जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा, आप अपने सपनों को अपने विधायकों और अपने मंत्रियों के साथ साझा कर सकेंगे।



मोदी विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू कश्मीर के निर्माण की गारंटी दे रहा है। लेकिन कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, जम्मू कश्मीर को फिर उन पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। इन परिवार चलित पार्टियों ने जम्मू कश्मीर का जितना नुकसान किया, उतना नुकसान किसी ने नहीं किया है।

आप याद कीजिए कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने शाहपुर कंडी डैम को कैसे दशकों तक लटकाए रखा। जम्मू के किसानों के खेत सूखे थे, गांव अंधेरे में थे। लेकिन हमारे हक का रावी का पानी पाकिस्तान जा रहा था। मोदी ने किसानों को गारंटी दी थी और इसे भी पूरा करके दिखाया है। इससे कठुआ और सांबा के हजारों किसानों को फायदा हुआ है। यही नहीं इस डैम से जो बिजली पैदा होगी, वो जम्मू कश्मीर के घरों को रोशन करेगी। ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि ये चुनाव देश में एक मजबूत सरकार बनाने का चुनाव है। और सरकार जब मजबूत होती है, तो जमीन पर चुनौतियों के बीच भी, चुनौतियों को चुनौती देते हुए काम करके दिखाती है। जम्मू हो या कश्मीर अब यहां रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आने लगे हैं। ये सपना यहां की अनेक पीढ़ियों ने देखा है और मैं आपको गारंटी देता हूं कि - आपका सपना, मोदी का संकल्प है। आपके सपनों को पूरा करने के लिए हर पल आपके नाम, देश के नाम।

## मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया : शाह

**मुरादाबाद,12 अप्रैल.** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 में पीएम मोदी के पीएम बनने का सबसे बड़ा कारण उत्तर प्रदेश था। उत्तर प्रदेश ने 2014 में 73 सीटें और 2019 में 65 सीटें दीं और इसलिए पीएम मोदी पूर्ण बहुमत के साथ पीएम बने। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें तीसरी बार पीएम बनाना है, इस बार ना 73 चलेंगी ना 65 चलेंगी, इस बार 80 की 80 सीट मोदी की झोली में जाएंगी।

शाह ने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बना दी। आप तीसरी बार मोदी सरकार बना दो, मोदी की गारंटी है, इस बार भारत को हम तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। उन्होंने कहा कि आपने दो बार मोदी जी को चुना, मोदी जी ने सारे वादे पूरे किए। कभी राहुल बाबा हमारा मजाक उड़ाते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तिथि नहीं बताएंगे। 2019 में एक बार फिर आपने मोदी जी की सरकार बनाई। पांच साल में कोर्ट का फैसला भी आ गया, भूमिपूजन भी हुआ और 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। विपक्ष पर अपना हमला जारी रखते हुए



शाह ने कहा कि कांग्रेस के खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि मुरादाबाद का बच्चा-बच्चा, कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 70 साल तक कांग्रेस धारा 370 को बच्चे की तरह अपनी गोद में खिलाती रही। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया। आज शान से हमारा तिरंगा वहां लहरा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में कश्मीर हमेशा के लिए भारत के साथ जुड़ गया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है। मोदी जी ने गरीबों का कल्याण करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उत्तर प्रदेश के लिए भी बहुत किया है। मैं यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2013 में आया था। उस समय यहां पर डर, दंगे, गौ तस्करी और गुंडों का राज चलता था। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी ने 7 साल के अंदर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने का काम किया है। यहां से पलायन, माफियाराज और गौ तस्करी खत्म हो गई। मोदी जी ने उत्तर प्रदेश को 4 एयरपोर्ट और 6 एक्सप्रेस वे दिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 4 जातियों में पूरे देश को बांटा है - महिला, गरीब, युवा और किसान। इसी के आधार पर पूरे देश में सबका विकास करने का काम किया है।

### गहरी खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

**कुल्लू ,12 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक गाड़ी 500 मीटर ऊपर सड़क से खाई में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कुल्लू पुलिस के एसपी गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने हादसे की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में यह हादसा शुक्रवार को हुआ है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद की एक तस्वीर सामने आई है। गाड़ी करीब 500 मीटर ऊपर सड़क से खाई में गिरी है।

## संक्षेप

### तेलंगाना में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 5 की मौत

**हैदराबाद ,12 अप्रैल ।** तेलंगाना में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पहली दुर्घटना में, एक महिला और उसकी तीन महीने की बेटी की मौत हो गई जब उनकी कार हनमकोंडा जिले में एक खड़े ट्रक से टकरा गई। आत्मकुर मंडल के गुड्डेपाडु गांव के पास हुई दुर्घटना में दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना सूर्यापेट जिले में हुई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे वह पीछे से एक खड़ी डीसीएम से टकरा गई। मृतकों की पहचान मोहम्मद नवीद (25), निखिल रेड्डी (26) और राकेश (25) के रूप में हुई है। घायल को सूर्यापेट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को संदेह है कि टक्कर का कारण तेज रफ्तार थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों घटनाएं मध्य रात्रि में हुई।

### बिहार में दल-बदलू नेताओं की चांदी

**पटना ,12 अप्रैल ।** किसी भी चुनाव से पहले नेताओं के दल बदलने का रिवाज पुराना रहा है। इस चुनाव में भी कई नेताओं ने अपने ठौर-ठिकाने बदले हैं। इनमें से अधिकतर नेताओं को तो नया ठौर मिल गया, लेकिन कई नेताओं को निराशा ही हाथ लगी। वे न घर के रहे न घाट के।

बिहार में इस लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में एनडीए और विपक्षी दलों के महागठबंधन के बीच है। राज्य की सभी 40 लोकसभा सीटों में से अधिकांश सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर लिए गए हैं। हालांकि कई दलबदलू नेता अभी भी अपने लिए मुफीद ठिकाना खोज रहे हैं। अब हाल यह है कि ऐसे नेता या तो 'बिना दल' (निर्दलीय) चुनाव मैदान में उतरें या फिर नए दल में अपने बदले संकल्पों के साथ रहें।

## 1 मई से शुरू हो जाएगा वाय शेप अंडरब्रिज

**भिलाई,12 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भिलाई सुपेला रेलवे क्रासिंग पर बन रहे वाय शेप अंडरब्रिज से 1 मई को आवाजाही शुरू हो जाएगी। आज रेल अधिकारियों के साथ ट्रेफिक पुलिस की टीम ने निर्माणाधीन अंडरब्रिज का मुआयना किया। इस वन वे अंडरब्रिज के शुरू हो जाने से ट्रेफिक व्यवस्था सुगम रहेगी, जिससे जाम लगने या वाहनों के बीच आमने सामने भिडंत की संभावना नहीं रहेगी। फिलहाल अंडरब्रिज के भीतरी दीवारों पर कलाकृतियां उकेरकर सौंदर्यीकरण करने के साथ ही ऊपर में शेड लगाया जा रहा है। भिलाई शहर को रेल पटरी के दोनों तरफ जोड़ने वाली सुपेला रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में आ गया है। यहां पर पहले रेलवे क्रासिंग हुआ करती थी। 16 अगस्त 2022 को रेलवे क्रासिंग बंद कर अंडरब्रिज निर्माण शुरू किया गया। शुरुआत में अंडरब्रिज के स्वरूप को लेकर विरोध के चलते काम की गति प्रभावित हुई। लेकिन अब इसका निर्माण कार्य पूरा होने लगभग पूरा हो गया है। टाउनशिप तथा घड़ी चौक की ओर एप्रोच रोड का काम पूरा करने के बाद भीतरी दीवारों पर कलाकृतियां उकेरकर आकर्षक रूप दिया गया है। वहीं रेल पटरी के दोनों ओर बनी एप्रोच रोड के ऊपर शेड निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है ट्रेफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने रेलवे अधिकारियों के साथ अंडरब्रिज निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया इस दौरान इस अंडरब्रिज को 1 मई से आवाजाही के लिए शुरू करने पर सहमति बन गई। इस आशय की जानकारी देते हुए ट्रेफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि इस अंडरब्रिज के शुरू हो जाने से चंद्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज पर से ट्रेफिक का दबाव कम हो जाएगा। वहीं छात्र छात्राओं, नौकरी पेशा सहित आम लोगों को पटरी पार आने-जाने में सहूलियत होगी। यह अंडरब्रिज वन वे होने से लोगों को गलत दिशा में आवाजाही से रोकने ट्रेफिक पुलिस की ओर से सूचना फलक लगाया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने ट्रेफिक पुलिस की तैनाती रहेगी गौरतलब रहे कि यह अंडरब्रिज में सुपेला की ओर खुलने वाले मुख्य लेन में डिवाइडर बनाया गया है। वहीं टाउनशिप की ओर दो भागों में विभक्त होने से इस अंडरब्रिज का आकार अंग्रेजी के वाय शेप है सुपेला की दिशा में लंबाई 230 मीटर है। वहीं टाउनशिप की ओर यह दो दिशा में विभक्त हो जाएगी। एक दिशा में यह सेक्टर-6 की ओर यानी दुर्ग की ओर मुड़ जाएगी। दूसरी तरफ सेक्टर-2 और मस्जिद की ओर टर्न लेगा इसकी लंबाई 160-160 मीटर की होगी। यह अंडरब्रिज की चौड़ाई व ऊंचाई पास के चन्द्रा-मौर्या और प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज के मुकाबले अधिक है जिसके चलते बड़े वाहनों को गुजरने में आसानी होगी





## महिला किसानों के साथ गेहूं काटती नजर आईं हेमा मालिनी

**मथुरा,12 अप्रैल.** बॉलीवुड अभिनेत्री और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी इन दिनों लोकसभा चुनावों के प्रचार में व्यस्त हैं। हाल ही में वह उत्तर प्रदेश के किसानों से मिलने पहुंचीं। अभिनेत्री गेहूं के खेतों में नजर आईं। उन्होंने महिला किसानों के साथ फसल काटी। हेमा मालिनी ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। हेमा मालिनी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने लिखा है, 'आज मैं खेतों में गई और किसानों से मुलाकात की, जिनसे मैं दस सालों से निरंतर मिल रही हूं। अपने बीच मुझे पाकर वे बेहद खुश हुईं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं उनके साथ तस्वीरें खिंचवाऊं। मैंने भी उनकी बात रखी और वैसा ही किया'। हेमा मालिनी उत्तर प्रदेश के मथुरा में दो कार्यकाल से भाजपा सांसद हैं। पिछले दस वर्षों संसदीय क्षेत्र में सेवा कार्यकाल के बाद अब अभिनेत्री तीसरे कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में हैं। इन दिनों वह प्रचार अभियान में जुटी हैं। लोगों से मिल रही हैं। हाल ही में खेतों में किसानों से मिलकर वह बेहद खुश हुईं।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा का भूपेश बघेल पर हमला

## वे इसलिए सांसद बनना चाहते हैं ताकि मोदी का सिर फोड़ सकें



**रायपुर,12 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में एसीबी और ईओडब्ल्यू की छापेमारी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले भी कार्रवाइयां हुई हैं. यह उनके रूटीन का काम है. इसके साथ ही उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता पूछना चाहती है, आप सांसद इसलिए बनेंगे ताकि नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ सके.

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खुद के नाम पर एफआईआर है. यह किस तरह राजनीति से प्रेरित हो सकता है. शराब घोटाले में फर्जी होलोग्राम की जानकारी सामने आई. महादेव एप, कोयला घोटाला सब जनता के सामने हैं. ऐसे में एसीबी और ईओडब्लू की कार्रवाई कैसे गलत हो सकती है. राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के प्रचार को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, जनता पूछना चाहती है आप सांसद इसलिए बनेंगे ताकि नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ सके. इन्हें गांव-गांव में विरोध का सामना करना पड़ रहा है. टीएस सिंहदेव के तीन सीटों पर कांग्रेस कमजोर वाले बयान पर विजय शर्मा ने कहा कि इन्हें दृष्टिकोण स्पष्ट रखना चाहिए. जनता का विश्वास मोदी के साथ है. उनके नेता अपने बिगड़े बोल के कारण जनता का विश्वास खो दिए.

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज शुरू हो रही है. नामांकन को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि तीसरे चरण के नामांकन के लिए बीजेपी कार्यकर्ता उत्साहित हैं. सभी सीटों पर सीएम विष्णुदेव साय नामांकन में शामिल होंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ आएंगे और हमारे राष्ट्रीय नेताओं का भी दौरा होगा.

### राहुल गांधी के दौरे पर कही यह बात

वहीं लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल प्रदेश दौरे पर आएंगे. इसको लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हम शक्ति की उपासना करते हैं, वे शक्ति से लड़ने वाले हैं. हमारे और उनके बीच यही द्वंद है. राहुल गांधी मां दंतेश्वरी की धरती पर आ रहे हैं. उन्हें इस बात का एहसास हो जाएगा, शक्ति से लड़ने की बात कहना पागलपन हैं.

### पर्यटन के लिए दरवाजा खटखटाया,पर्यटकों को लुभाने के लिए करेगा रोड शो

## लौट कर मालदीव भारत को आया

**माले,12 अप्रैल.** मालदीव में भारतीय पर्यटकों को वापस लुभाने के प्रयास में द्वीप राष्ट्र में एक प्रमुख पर्यटन निकाय ने कई प्रमुख भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करने की योजना का खुलासा किया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि हाल के दिनों में मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई है। मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने दोनों देशों के बीच यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने के लिए मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ चर्चा करने के अपने इरादे का खुलासा किया। भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयासों में तेजी लाने का निर्णय मालदीव के तीन अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर भारत और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के कारण मालदीव के खिलाफ एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया के बाद लिया गया है। इस प्रतिक्रिया के कारण कई बार आरक्षण रद्द करना पड़ा और कई मशहूर हस्तियों सहित भारतीय पर्यटकों की मालदीव यात्रा की योजना में गिरावट आई।



मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत, जो पहले शीर्ष पर्यटक देशों में से एक था, पर्यटकों के आगमन के मामले में छठे स्थान पर खिसक गया है। वर्तमान में पर्यटकों की संख्या के मामले में चीन सबसे आगे है, इसके बाद यूनाइटेड किंगडम, रूस, इटली और जर्मनी हैं। माले में भारतीय उच्चायोग में हुई चर्चा के बाद, मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने पर्यटन पहल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उच्चायोग के साथ मिलकर सहयोग करने की योजना की घोषणा की। इसमें प्रमुख भारतीय शहरों में व्यापक रोड शो शुरू करना और आने वाले महीनों में मालदीव में प्रभावशाली और मीडिया परिचय यात्राएं आयोजित करना शामिल है।

## राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री कभी नहीं बन सकते : अठावले

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,12 अप्रैल.** केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने शायराना अंदाज में कहा कि जिनको देश के लोकसभा चुनाव का नहीं है मालूम, उनका नाम है राहुल. जहां आम्बेडकर की विचारधारा वाली मेरी पार्टी भाजपा के साथ है. ये कहते हैं लोकतंत्र खतरे में है, बल्कि कांग्रेस धोखे में है. 370 को हटाकर भारत को अखंड भारत बनाने का काम किया. अनेक योजनाओं से जनता को फायदा मिल रहा है.



की जनता उखाड़ कर फेंक दी कांग्रेस का जड़, उसका नाम है छत्तीसगढ़.रामदास आठवले ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को पूर्ण समर्थन की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरोप लगाती है कि ईडी से कार्रवाई करवाई जाती है. जेल भेज रहे हैं. मैं बता दूं. नरेंद्र मोदी किसी को जेल में नहीं रखते. वो बहुत ही ताकतवर नेता है. 28 पार्टियां उनका विरोध कर रही है. मेरी पार्टी नरेन्द्र मोदी के साथ है. भीमराव

रामदास अठावले ने राहुल गांधी से सवाल करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं, लेकिन बात भारत तोड़ने की कहां करते हो? पूरे देश की जनता का आशीर्वाद नरेन्द्र मोदी के साथ है. राहुल गांधी कभी देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं. सभी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री बनने का सपना देखते हैं, लेकिन हर कोई बन थोड़ी जाता है. उन्होंने कहा कि मोदी का नारा है, अबकी बार 400 पार, फिर बनेगी मोदी सरकार.

## रायपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

**रायपुर,12 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रिटर्निंग ऑफिसर और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज सुबह 11 बजे रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. इसके साथ ही रायपुर क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. अधिसूचना हिन्दी और अंग्रेजी दो भाषाओं में जारी की गई है और रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालयों के सूचना पटल पर सार्वजनिक भी कर दी गई है.

आज से ही चुनाव लड़ने प्रत्याशियों का नामांकन भी शुरू हो गया है. प्रत्याशी 19 अप्रैल तक अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करा सकेंगे. प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 2 कलेक्टर न्यायालय में जमा कर सकते हैं. शासकीय अवकाश के दिनों में नामांकन नहीं लिया जाएगा. प्रत्याशी स्वयं या उसके किसी प्रस्तावक की ओर से निर्वाचन के लिए नामांकन जमा करा सकते हैं. नामांकन पत्र प्रारूप भी कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 2 से ही प्राप्त किए जा सकते हैं. रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार, 19 अप्रैल तक निर्धारित समय में प्राप्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनिंग 20 अप्रैल को की जाएगी. अभ्यर्थी स्वयं या अपने किसी प्रस्तावक या लिखित पत्र की ओर से घोषित अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से लिखित सूचना पर अपना नाम वापस ले सकेंगे. नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल और समय दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है. अंतिम रूप से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की सूची भी इसी दिन जारी होगी. रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिए मतदान सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए मतदान केंद्रों पर मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा.



## चलती बोलेरो व स्कूटी में लगी आग

**कोरबा,12 अप्रैल.** कटघोरा क्षेत्र में एक चलती बोलेरो में अचानक आग लग गई। घटना कटघोरा क्षेत्र के ग्राम जेजरा के पास घटित होना बताया जा रहा हैं। जहां शुक्रवार की लगभग सुबह 8.30 एक बोलेरो में अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने पूरे बोलेरो को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि बोलेरो पर सवार लोगों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। सभी वाहन से सुरक्षित निकलने में सफल रहे। बोलेरो के अंदर बैठे लोगों ने सूझबूझ से किसी तरह गेट खोलकर बाहर निकलने में सफलता हासिल की। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना घटी। बोलेरो गाड़ी से अंबिकापुर-कोरबा जा रहे थे। डीबी प्रोजेक्ट की गाड़ी बताई जा रही हैं।



सूरजपुर जिला में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट हो गया। बताया जा रहा है कि चार्जिंग के दौरान स्कूटी की बैटरी ब्लास्ट हो गई, जिससे स्कूटी में भयानक आग लग गई। इस घटना में युवती बुरी तरह झुलस गई। बताया जा रहा है कि युवती का इलाज 26 दिनों तक जारी रहा। दरअसल, यह घटना सूरजपुर कोतवाली थाने के चंदरपुर की है। इस घटना के दौरान घर के सामानों में आग लग गया। जिसे दमकल की मदद से तत्काल आग पर काबू पाया जा सका। उधर इस घटना के बाद एक बार फिर ई-बाइक और स्कूटी चलाने वालों के बीच दहशत व्याप्त है। ये कोई पहली घटना नही जब स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट हुआ हो, इससे पहले भी चलती गाड़ियों में बैटरी में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

## एक नजर



### शास्त्री प्रतिमा स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध

**भिलाई, 12 अप्रैल ।** लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भिलाई में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को हटाए जाने के किसी भी प्रस्ताव का विरोध होगा। स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री बहुउद्देशीय समिति ने इस संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अपना विरोध जताते हुए शहर में भारतरत्न द्वय डॉ. भीमराव अम्बेडकर और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की स्थापित प्रतिमाओं की मिसाल दी है। समिति की ओर से अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास्तव और महासचिव शैलेंद्र श्रीवास्तव ने इस संदर्भ में कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने जानकारी दी है कि चिकित्सालय में लगी स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा अनिल शास्त्री, छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे के प्रयासों से स्थापित की गई थी। अब शास्त्री चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक ने समिति को पत्र लिखकर शास्त्री जी की प्रतिमा को अन्यत्र स्थापित करने सहमति मांगी है। पदाधिकारियों ने साफ किया है कि समिति ऐसे किसी भी प्रयास के विरुद्ध है। अध्यक्ष व महासचिव ने कहा है कि पावर हाउस चौक भिलाई में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है उसे अन्यत्र स्थापित किए बिना ही जी रोड पर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया और फोरलेन का निर्माण किया गया है। इसी तरह सुपेला चौक से सेक्टर-6 टाउनशिप भिलाई के मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण किया जा रहा है जो कि पूर्णता की ओर है। वहां पर भी पूर्व में स्थापित भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा को यथावत रखते हुए सफलतापूर्वक अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। समिति ने मांग की है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री के सम्मान और मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उनकी प्रतिमा को यथावत रखा जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे को भी सौंपी गई है।

### सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात पार

**भिलाई, 12 अप्रैल।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र दिन-दहाड़े दो घंटे के अंदर चोर ने सूने मकान में धावा बोलकर घर की आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,454 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। मोहननगर पुलिस ने बताया कि कादम्बरी नगर वार्ड नंबर 17 दुर्ग निवासी शिवचरण पाण्डेय (68 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 नवबंर 2023 को दोपहर 1 बजे अपनी पत्नी सुधा देवी को इलाज के लिए घर मे ताला बंद कर डाक्टर के पास गया था इलाज कराकर दोपहर करीब 3 बजे वापस आकर देखा तो घर के सामने का दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था आलमारी के अंदर लॉकर में रखे सोने की चूड़ी 02 नग सोने का पाटला 02 नग, सोने का कान का टाप्स 04 नग सोने की नथ एवं बिंदिया 1-1 नग, सोने का चेन 02 नग चांदी का पुराना सिक्का 60 नग चांदी का एक नग डब्बा एवं चांदी का बर्तन नहीं था।

### महिला से ऑनलाइन ठगी

**भिलाई, 12 अप्रैल।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र एक महिला ऑनलाइन ठगी की शिकार हो गई प्रार्थी ने पश्चिम बंगाल में होटल को ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से बुकिंग करने के नाम पर 44 हजार रुपए दे दिया बाद में ठगी का एहसास होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी हेरीटेज बोरसी निवासी श्रीमती अदीप्ति चक्रवर्ती ( 54 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 अप्रैल को होटल बुकिंग के लिए होटल लेमनट्री (सिलिगुड़ी) पश्चिम बंगाल में स्थित होटल के रिजर्वेशन काउंटर में बात की थी प्रार्थी ने बताया कि उन्होंने बुकिंग कन्फर्मेशन के लिए ऑनलाइन पेमेंट करने को गूगल पे के माध्यम से करने कहा उन्होंने अपने को होटल का मैनेजर बताया था।

प्रार्थी ने बताए गए नंबर से 44,950 रुपए ट्रांसफर कर दिया जब प्रार्थी ने अपनी राशि वापस मांगी तो उसको फोन को नंबर को ब्लॉक में डाल दिया इसके बाद प्रार्थी ने थाना शिकायत दर्ज करायी है।

### शारीरिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 12 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र ग्राम खेरदा निवासी युवती को शादी का प्रलोभन देकर 2 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरदा निवासी आरोपी प्रीतम उर्फ देवानंद (25 वर्ष ) का ग्राम की ही एक युवती के साथ प्रेम संबंध था।

इस दौरान आरोपी ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बना लिए थे परंतु युवती द्वारा शादी का प्रस्ताव रखने पर टालता रहा विगत दिनों अन्य महिला से शादी कर रहा था इसकी जानकारी युवती को होने पर उसने जामुल थाना में युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया।

## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में होंगे और बड़े फैसले: विजय शर्मा

# नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित, कहा-विकसित भारत के लिए मोदी जरुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 12 अप्रैल।** देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है उसे पूरा भी किया और लगातार कर रहे है , अब आप सबकी बारी है कमल पर बटन दबाकर मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की । उपरोक्त बातें नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कही ।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनंदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय को चुनाव में बड़ी जीत दिलाने के लिए दर्जनों नुक्कड़ सभा लेकर लोगों को जागरूक करते हुए मोदी की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने सभा में उपस्थित महिलाओं को कहा कि महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त की राशि आप सभी महिलाओं के बैंक खाता में आ गया है, तीसरी किस्त की राशि 1 मई को आपके खाता में डाल दी जाएगी, ऐसी सरकार कहां है जो महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करती हो, हमारे हम सबके विश्व प्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो विकास किया है, महिलाओं को सम्मान दिया है उन्हे आप और हम सबका सहयोग आशीर्वाद मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा देश से अलग विधान के साथ चलने वाले कश्मीर को अनुच्छेद 370 हटाकर भारत में जोड़ने का कार्य करने वाले प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितने बड़े फैसले हुए है तीसरी पारी में और भी बड़े फैसले देश हित में होने शेष है .उन्होंने कहा हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में जो संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया था वो मोदी जी की ग्यारंटी थी महज तीन माह में विष्णुदेव सरकार ने अपने संकल्प पत्र मोदी ग्यारंटी के प्रमुख ग्यारंटी को पूरा कर दिया है . महतारी वंदन से माताओं के खाते में 1 हजार प्रति माह आने लगे . किसानो का पूर्व का 2 वर्ष का बकाया बोनस आ गया . 21 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा पूरा करते हुए अंतर की राशि 925 रूपये भी एक मुस्त किसानो के खाते में आ गए . 18 लाख प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत हो गया . उन्होंने कहा यह चुनाव मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए है सांसद संतोष पांडे जी जीतकर लोकसभा पहुचंगे तब 400 का आकड़ा पार होगा . मोदी जी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है उसे पूरा करेंगे तब देश विकसित भारत ,मजबूत भारत बनने की दिशा में और तेजी से आगे बढेगा।विजय शर्मा ने अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ एक ही दिन में 10 नुक्कड़ सभाओं में कवर्धा ग्रामीण मंडल के ग्राम घुघरी खुर्द , नेवारी , बरबसपुर , सुखा ताल ,कवर्धा ,छिरहा ,धमकी ,बम्हनी में शामिल होकर जनता से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके 400 सीट जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने अपील की.

सभाओं में मुख्य रूप से रामकुमार भट्ट,क्रांति गुप्ता कैलाश चन्द्रवंशी ,अनिल ठाकुर ,दिनेश चन्द्रवंशी ,परेटन वर्मा ,चन्दन पटेल,श्रीकांत उपाध्याय पंचराम कोसले ,विजय पटेल,जनेराम पटेल,अमित वर्मा ,हेमचंद चद्रंवंशी,रामकुमार पटेल,चंद्रभान सिंह,जगेसर पटेल,प्रदीप निषाद,खम्मन पटेल,सरोजनी,बिमला श्रीवास ,शत्रुहन धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित रहे इस अवसर पर ग्राम नेवारी में दर्जन भर से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बीजेपी का दामन थामा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा का गमछा पहनाकर उन्हें भाजपा में प्रवेश कराया भाजपा प्रवेश करने वाले बैकुंठी प्रसाद माहिले,कन्हैया लहरे ,धन्नू धृतलहरे ,होरी लाल,सुंदर कोसले,प्रेमचंद ,शत्रुहन मिरज ,त्रिभुवन सिंह राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



### आईआईटी रोपड़ से केशव गोयल को मिली बीटेक की डिग्री

**भिलाई, 12 अप्रैल।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ पंजाब के प्रेक्षागृह में आयोजित 11वें कन्वोकेशन में शहर के प्रतिभावान छात्र केशव गोयल को बीटेक.(कॉम्पटर साइंस) की डिग्री प्रदान की गयी। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि ट्राइडेंट ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष राजिंदर गुप्ता थे। आईआईटी रोपड़ अभिशासक मंडल के अध्यक्ष डॉ. कोप्पिल्लील राधाकृष्णनन ने समारोह की अध्यक्षता की । केशव गोयल शहर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी गोयल मेडिकल के संचालक अशोक गोयल एवं अंजू गोयल के सुपुत्र तथा इंजीनियर आलोक गोयल के भ्राता हैं।

### सामान्य प्रेक्षक ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**महासमुंद 11 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने आज बसना और सरायपाली विधानसभा अंतर्गत अंतर्राज्यीय और अंतरजिला चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। वहीं संवेदनशील मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुलिस के साथ सफल मतदान के लिए आवश्यक चर्चा करते हुए निर्देश भी दिए। श्री अग्रवाल ने आज सरायपाली विधानसभा अंतर्गत अंतर्राज्यीय बैरियर लोहारचट्टी और रेहतीखोल का निरीक्षण कर सतत निगरानी के निर्देश दिए। अंतरजिला चेक पोस्ट नवागढ़ और डोंगरीपाली में भी उन्होंने निरीक्षण कर जानकारी लिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि चूंकि यह चेक पोस्ट उड़ीसा राज्य से लगा हुआ है इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। श्री अग्रवाल ने यहां अनुविभागीय अधिकारी और राजस्व पुलिस से निर्वाचन और सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और सफल निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र चिंवरी खुटा और डोंगरीपाली का भी निरीक्षण किया। बसना विधानसभा अंतर्गत पलसा पाली अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा संवेदनशील मतदान केंद्र गुढ़ियारी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल में चार मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और बिजली, पानी, शौचालय और रैंप की जानकारी ली। अग्रवाल द्वारा महिला मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि आप सब के कंधों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है ।

# भाजपा की जीत से साकार होगा विकसित छत्तीसगढ़ का सपना :भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के तहत पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार सक्रियता के साथ जनसंपर्क कर भाजपा की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। जिस प्रकार उन्होंने विधानसभा चुनाव में क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों व अंतिम छोर तक जनता के बिच पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में भी चुनाव प्रचार हेतु उनकी सक्रियता लगातार जारी है।

गुरुवार को भावना बोहरा ने ग्राम सुरजपुरा, कोहड़िया, धरमगढ़, गोरखपुर, कुंआ, सेमरिया एवं कोसमंदा में जनसंपर्क किया और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।भावना बोहरा ने कहा कि मोदी जी की गारंटी से छत्तीसगढ़ आज एक नया अध्याय रच रहा है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के सुशासन में प्रदेश के विकास से लेकर जनसुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। जनता को उनका अधिकार मिल रहा है और सम्मान भी मिल रहा है। किसानों को समृद्ध बनाने से



लेकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नरेंद्र मोदी जी व विष्णु देव साय जी द्वारा सराहनीय प्रयास एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा की जनता भी इन विकास कार्यों और नरेंद्र मोदी जी की उपलब्धियों से भलीभांति परिचित है। लगातार लोकसभा में जनता की आवाज बनकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं को प्रखरता से संसद में रखने वाले भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय पर जनता के इसी विश्वास से उन्हें पुनः जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं राजनांदगांव लोकसभा की जनता से अपील करती हूँ कि 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय जी के पक्ष में मतदान कर छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनायें।भावना बोहरा ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी में हमने जो वादे किये हैं वो निरंतर पुरे हो रहें हैं, सरकार बनने के महज 100 दिनों के भीतर ही महतारी वंदन योजना की दो किश्तें महिलाओं के खाते में पहुंची है, किसानों को दो वर्ष का बगाया भुगतान एवं 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी हुई है, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5100 रुपये प्रति मानक बोरा, 18 लाख लंबित आवास को पुनः आवंटित करने का काम हमारी सरकार ने किया है। इन सभी कार्यों से हर व्यक्ति एवं वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है, यही है विकसित छत्तीसगढ़ की हमारी परिकल्पना और इस परिकल्पना को साकार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को हमें फिर से विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार सरकार बनाना है। जनसंपर्क के दौरान जनता से भेंट करने पर मोदी जी के प्रति उनका विश्वास प्रचंड रूप से दिखाई दे रहा है, हमें पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में भाजपा प्रचंड मतों के साथ जीत दर्ज कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को जरुर हासिल करेगी।

# कुछ ऐसे मामले जिन्हें पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**भिलाई, 12 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग जिला कुछ ऐसे मामले हो चुके हैं जिन्हें सुलझाने में पुलिस अब तक सफल नहीं हो पाई है घटना के बाद ही पुलिस ने अपने एक्सपर्ट टीम का भी सहारा लिया था और हर स्तर पर जांच को दिशा दी थी परंतु अब तक मामले अनसुलझे हैं पुलगांव थाना क्षेत्र ग्राम गनियारी में दादी और पोती की हत्या का चर्चित मामला हुआ था कई संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की गई थी जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती जेल निहित कैदी कुख्यात आरोपी अनुपम झा को सुरक्षा में तैनात जवानों के रहते हुए दो नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के दम पर उसे अस्पताल से लेकर चले गए थे डकैती व हत्या में शामिल आरोपी अनुपम झा को अब तक पुलिस नहीं ढूंढ पाई है गनियारी में हुई थी दादी पोती की हत्या ग्राम गनियारी में 6 मार्च की रात को हुई राजवती साहू ( 62 साल ) एवं उसकी पोती सविता साहू ( 17 साल ) की हत्या मामले में कई संदेहियों से पूछताछ किए जाने के बावजूद अब तक पुलिस के हाथ खाली है घटना के बाद जिस तरह से पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई थी उससे लग रहा था कि पुलिस को जल्द ही सफलता मिल जाएगी परंतु आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर बने है कुछ संदेहियों के मोबाइल भी ट्रेस किए गए थे संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतिका के परिवार वालों को तिजनाहवन कार्यक्रम के बाद ही नगपुरा चौकी में लाकर पूछताछ की थी।गांव के ही एक व्यक्ति को पूछताछ में लिया था उस युवक के मोबाइल के टावर लोकेशन को भी पुलिस ने निकाला परंतु उस युवक का घटना के समय किसी दूसरे गांव में चौथिया कार्यक्रम में शामिल होना पाया गया था जिस घर में घटना घटी है उनके ही पड़ोस में एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है लेकिन जब पुलिस ने उसे जांच में लिया तो सीसीटीवी ही खराब निकला तीन लोगों की एक्सपर्ट टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना भी की थी अस्पताल से फरार हुआ था अनुपम झा कुछ माह पूर्व जेल में बंद आरोपी अनुपम कुमार झा को उपचार के लिए जेल से जिला अस्पताल लाया गया था इस दौरान दो नकाबपोश हथियार लेकर अस्पताल पहुंचे थे मरीजों के सामने ही कैदी की सुरक्षा में तैनात जवानों को डरा धमका कर दोनों नकाबपोश अपने साथ अनुपम को लेकर चले गए थे घटना के बाद पुलिस को संभावना थी कि बिहार का रहने वाला अनुपम अपने साथियों के साथ बिहार भागा होगा इसको लेकर कोतवाली थाना की एक टीम बिहार भी रवाना की गई थी परंतु पुलिस टीम को सफलता नहीं मिल पाई है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही मामले में पुलिस की टीम जांच में लगी हुई है गनियारी में हुए हत्याकांड में कई संदेहियों से पूछताछ की जा चुकी है और जांच को दिशा दी जा रही है अनुपम की खोज में टीम बिहार भेजी गई थी सर्वर ट्रैक के माध्यम से उसकी खोज में एक्सपर्ट टीम को लगाया गया है

# आयुक्त मोनिका वर्मा ने खेल-खेल में बच्चों से पूछा सवाल, आंगनबाड़ी एवं मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**रिसाली,12 अप्रैल।** रिसाली बस्ती के जर्जर सांस्कृतिक भवन को देख आयुक्त मोनिका वर्मा ने विधिवत कंडम घोषित करने कहा। उन्होंने कहा कि भवन को आज से ही सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए। रिसाली निगम आयुक्त ने अवकाश के दिन रिसाली निगम क्षेत्र का भ्रमण कीं। वार्डो का निरीक्षण करते आयुक्त 30 वर्ष पुराने रिसाली बस्ती के सांस्कृतिक भवन का निरीक्षण की। भवन बेहद जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर गिरने लगा है। दीवार पर लगा प्लास्टर झड़ने लगा है। इसे देख निगम आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को कंडम घोषित कर दीवार पर सूचना लिखने निर्देश दिए। साथ ही रिसाली के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने वाली मंडली को पत्र लिख



भवन कंडम होने और उपयोग नहीं करने की सूचना देने कहा। आयुक्त वीआईपी नगर तालाब का निरीक्षण की। इस तालाब को पाटे जाने की नागरिकों ने शिकायत की है। दरअसल यह तालाब प्राइवेट है। आयुक्त ने कहा कि तालाब का उपयोग सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। तालाब के भीतर किसी तरह का अतिक्रमण या उसे पाटकर खरीदी बिक्री नहीं किया जा सकता। उन्होंने तालाब के पानी को सुखाने डाले जा रहे मिट्टी पर रोक लगाने निर्देश दिए। आयुक्त रिसाली मुक्तिधाम पहुंची।उन्होंने यहां लकड़ी और अंतिम संस्कार के लिए अलग अलग शेड बनाने कहा। परिसर में लगे अजवाइन, सिंदूर, कपूर, लौंग, लाल चंदन, अंगूर आदि पौधे को देख अच्छे से देखभाल करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान रिसाली बस्ती स्कूल में बने मतदान केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान आयुक्त परिसर में संचालित आंगनबाड़ी को देखने पहुंची। 4 बच्चे बुनियादी शिक्षा ले रहे थे। आयुक्त बच्चों के साथ खेल खेल में न केवल बच्चों का नाम पूछीं, बल्कि पौष्टिक आहार के रूप में दिए जाने वाली सामग्री का नाम भी पूछीं ।

### मतदान के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने विविध कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

**महासमुंद 12 अप्रैल ।** लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए, जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस तारतम्य में जिला स्तरीय स्वीप टीम द्वारा चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड, ऑटो स्टैण्ड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर यात्रा कर रहे यात्रियों को मतदान के लिए जागरूक करने तथा 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया जा रहा है।

## निधन

### जोगिंदर कौर

**भिलाई, 12 अप्रैल।** युवा ट्रांसपोर्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू की दादी, सिख समाज की प्रतिष्ठित



महिला कोहका निवासी श्रीमती जोगिंदर कौर धर्मपत्नी स्वर्गीय स्वर्ण सिंह का असामयिक निधन हो गया। बीती रात 1-40 बजे उनके स्वयं के चिकित्सालय एसबीएस हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस लीं। वे 93 साल की थीं। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार 12 अप्रैल को किया गया। दोपहर 12 बजे कोहका स्थित उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी और रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे स्वर्गीय नरेंद्र सिंह, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संस्थापक स्वर्गीय वीरा सिंह, शिवदयाल सिंह शिबू की मां व इंद्रजीत सिंह छोटू, सोनू, मोनू की दादी दो बेटियां नाती पोते सहित भर पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## मतदान 7 मई एवं मतगणना 4 जून को

# नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल

**भिलाई, 12 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए शुक्रवार 12 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 19 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 20 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 22 अप्रैल 2024 अपराह्न 3 बजे तक है। मतदान मंगलवार 7 मई 2024 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरुवार 6 जून के पूर्व निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 04 (प्रथम तल) कार्यालय कलेक्टर दुर्ग में नाम निर्देशन कक्ष की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक एवं निर्वाचन अभिकर्ता सभी मिलाकर अधिकतम 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार से होते हुए न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 04 (प्रथम तल) में पहुंच सकेंगे। 100 मीटर के दायरे तक अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ता के कुल तीन वाहनों को ही आने की अनुमति होगी। वाहनों के उपयोग हेतु पूर्व से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कलेक्टोरेट के स्टाफ सुबह 10 बजे तक कलेक्टोरेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। निर्वाचन लड़ने वाले सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 25 हजार रूपए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 12 हजार 500 रुपए निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 2ए कलेक्टर कार्यालय के खनिज शाखा में नोडल अधिकारी राघवेन्द्र वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अथवा नियुक्त किए गए कर्मचारी से प्राप्त किये जा सकेंगे। मतदाता सूची का अवलोकन कलेक्टर कार्यालय के आबकारी शाखा में नोडल अधिकारी श्री आदित्य कुंजाम अधीक्षक भू-अभिलेख अथवा संबंधित कर्मचारी के माध्यम से कर सकेंगे। निक्षेप राशि नगद जमा कर रसीद प्राप्त किये जा सकेंगे। निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी को एक पृथक बैंक अकाउंट नामांकन दाखिल करने के कम से कम 1 दिन पूर्व खोलना होगा एवं नामांकन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी को इस पृथक बैंक अकाउंट का उल्लेख करना होगा। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रुपए होगी।

### अधिसूचना प्रकाशन के साथ आज से नामांकन शुरू

**दुर्ग, 12 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना जारी किया गया। इसी के साथ अधिसूचना का प्रकाशन कार्यालय के सूचना पटल के साथ ही सभी एआरओ कार्यालय, नगरीय निकायों एवं जनपद कार्यालयों व ग्राम पंचायतों में चस्पा करा दी गई है। इससे पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में देवी मां की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर एडीएम श्री अरविन्द एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

# युवाओं ने की रंगोली बना व दीप जलाकर मतदान करने की अपील

## युवाओं ने मताधिकार का उपयोग करने का किया आव्हान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी। युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

### मतदाता जागरूकता अभियान मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**चारामा 12 अप्रैल।** कांकेर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश अनुसार जिला पंचायत कांकेर के सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के दौरान चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत चारामा में शुक्रवार 12 अप्रेल को सुबह 7 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया मैराथन दौड़ के दौरान धावकों ने लोगों को अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरुकता फैलाने अपनी टी-शर्ट पर दौड़ लगाएगा चारामा व मतदान करेगा चारामा का स्टीकर लगाये हुए थे । मैराथन दौड़ की शुरुआत नगर के कोरर चौक से हुई जिसमे भाग लेने वाले लोगों ने 5 किलोमीटर तक दौड़ लगाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर चारामा के तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले,जनपद पंचायत के सीईओ गोपाल सिंह कंवर,खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू,खेल शिक्षक खुमान साहू सहित मैराथन दौड़ के प्रतिभागी शामिल रहे।



## एक नजर

### मंदिर मेला ग्राउण्ड के पास चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार




**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष-2024 में पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानुन व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी है। इसी तारतम्य में आज दिनांक- 11.04.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड डोंगरगढ़ के पास चाकु लेकर घुम रहे दीपेश दीप उर्फ आयुष पिता सुशील दीप उम्र- 18 साल 02 माह निवासी गंजपारा उत्कल कॉलोनी वार्ड नंबर 37 दुर्ग थाना कोतवाली दुर्ग छ0ग0 को घेराबंदी कर चाकु के साथ रंगेहाथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### छत्तीसगढ़ के बाजार में कामधेनु लिमिटेड का मजबूत प्रदर्शन

**रायपुर, 12 अप्रैल।** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने पिछले एक वर्ष में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने सफलतापूर्वक अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता को एक वर्ष में 3.5 लाख मीट्रिक टन से बढ़ा कर 5 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। चैनल पार्टनर नेटवर्क भी जो 2023 में 1200 डीलर था, वो बढ़कर 1350 तक विस्तारित हो गया है। राज्य में इंफ्रा और स्टील की बढ़ती माँग को देखते हुए कामधेनु लिमिटेड ने अगले साल के अंत तक कामधेनु नेक्स्ट टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 6 लाख मीट्रिक टन करने की योजना बनाई है। इस संशोधित क्षमता का समर्थन करने के लिए, कंपनी अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी विस्तारित कर, 100 और डीलरों और वितरकों को जोड़ेगी।

### ताम्रध्वज साहू का भखारा ब्लाक के 31 गांवों में सघन जनसंपर्क



**अंवरी 12 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं इसी क्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के विभिन्न जोन सेमरा, मडेली, कोसमर्रा, कोर्रा के गांव पहुंच नुक्कड़ सभा के माध्यम से अपने पक्ष में आम जन से आशीर्वाद मांगा, क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में मत्था टेका और सेमरा सी पहुंच सिदार देव पहुंच दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया ग्राम कोर्रा,सेमरा सिलौटी, पचपेड़ी में सभा आयोजित कर आम जन को पूर्व कांग्रेस सरकार की कार्यों को बताया साथ ही साथ मोदी सरकार के विफलताओं से अवगत कराते हुए देश को सही दशा और दिशा प्रदान करने फिर से कांग्रेस सरकार बनाने अपील की ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू साहू ने बताया कि कचना, मडेली, जरवाय भैसबोड, अंवरी, जोरातराई, कोलियारी, थुहा, नवागांव, बंगोली, कुर्रा,भेंडरवानी, बगदेही, कोसमर्रा,लोहरपथरा, भेंडरा, चरोटा, गतापर, कोर्रा, जुगदेही, सिलौटी, सेमरा, तर्रागोंडी, टिपानी, पचपेड़ी , रामपुर, गढ़डीह, सिलघट, सुपेला और समापन सेमरा में हुआ इस जनसंपर्क कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शरद लोहना, धमतरी विधायक ओंकार साहू,पूर्व विधायक लेखराम साहू, विस सयोजक मोहन लालवानी, तारणि नीलम चंद्राकर , कांति सोनवानी, गोविंद साहू,शारदा साहू, राजकुमारी दीवान,भरत नहर, लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, सुमन संतोष साहू, कुसुम लता तोषण साहू, तपन चंद्राकर ,विनोद साहू , जानसिंग यादव, होमेंद्र यादव, परमेश्वरी,महेंद्र साहू, बिट्टू गौर, संतोष साहू, गजेन्द्र साहू,गैंद लाल साहू, नरेंद्र सोनवानी, विजय गिरी, कांति उदय,चंद्रहास साहू, प्रमोद साहू, डुमेश, योगेश,वीरेंद्र साहू, गैंद लाल साहू,गिरीश साहू, लोकेंद्र साहू, रामचंद्र साहू, विनय साहू, सोहन साहू, शोभाराम यादव, केतु सिन्हा, पन्नू सिन्हा , यशवंत गुरु, राजा बंजारे युवा कांग्रेस पुखराज साहू, लेखराम यादव, बिशौहा राम,सौरभ पाल पुखराज टंडन, लक्ष्मीकांत, सोमन, रामरतन, मानक, वीरेंद्र, तरुण, , जीवन, घनश्याम, अश्वनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

### राजनैतिक भाषा की मर्यादा को भाजपा गिरा रही : कांग्रेस

**रायपुर 12 अप्रैल।** मोदी की नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये भाजपाई अनर्गल और झूठे बयानबाजी पर उतर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि देश और प्रदेश में सरकार चलाने वाली भाजपा अब विपक्षी दल के नेताओं की तुलना कुत्ते की पूंछ से कर रही है। यह भाजपा का संस्कार है। भाजपा बतायें विपक्ष को कुत्ते की पूंछ कहना कौन सी मर्यादा? चुनाव में राजनैतिक प्रहारों का विलाप करने वाले भाजपाई राजनीति के स्तर को गिरा रहे है। भाजपा का आईटी सेल कांग्रेस नेताओं और प्रत्याशियों का स्तरहीन पोस्टर बना कर भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर लगातार पोस्ट करता है, जिसमें राजनैतिक भाषा शैली की मर्यादा को तार-तार किया जाता है जब अपने पर आती है तो भाजपाई विलाप करने लग जाते है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव शुरू होते ही भाषाई मर्यादा का उल्लंघन भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल से जारी पोस्टरों से हुई है जो आज तक जारी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी को कांच की गुड़िया बनाकर प्रस्तुत करना चाहती है उनके खिलाफ राजनैतिक बयान को भाजपाई एजेंडा बना कर प्रस्तुत करने में लगे है।

## घर-घर जनसंपर्क के लिए कार्यकर्ता सक्रिय



**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आज नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जनसंपर्क कर आम जन के बीच जाकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए समर्थन मांगा गया एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा जनहित के लिए किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराया । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा दक्षिण मंडल के कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पार्षद गणों ने आज अपना जनसंपर्क अभियान दुर्गा चौक से प्रारंभ कर सहदेव नगर, बैगा पारा, राजीव नगर, ब्रह्मा देव चौक से लेकर मदरसा चौक एवं संजय नगर से वापस दुर्गा चौक तक घर - घर जाकर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का पंपलेट देकर कमल फूल निशान के लिए वोट देने का आग्रह किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पारुल जैन, मधु बैंद, कोमल सिंह राजपूत, तरुण लहरवानी, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता अग्रहरि, आशीष डोंगरे, शरद सिन्हा, सी वर्मा, संतोष निर्मलकर, कन्हैया लाल स्वामी, संतोष गुप्ता, संतोष साहू, मिथिलेश्वरी वैष्णव, एकता अग्रहरि, सुनीता यादव, सविता बोस, रेनू सूर्यवंशी, छाया तिवारी, संगीता मिश्रा, दुर्गा साहू, संतोष गुप्ता, पप्पू सोनकर, प्रकाश मारकंडे, सुषमा साहू, मंजू साहू, दिनेश साहू, साक्षी भाटिया, देववती साहू, कुसुम साहू, दुर्गा साहू, चंद्रिका साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## पाकिस्तान, खलिस्तान और कांग्रेस की भाषा एक: शिवरतन शर्मा

**रायपुर 12 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा लगातार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की जा रही बयानबाजी को सजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की चुप्पी बता रही है कि इन विवादित बयानों को उनकी मौन सहमति और शह मिली हुई है। कांग्रेस नेताओं के बयान पूरे देश के सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कवासी लखमा द्वारा चुनावी सभा में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये 'मरेगा' जैसे शब्दों का उपयोग कर बयान दिया गया। बस्तर में कवासी लखमा युवाओं को पुलिस कर्मियों को तीर कमान से मार कर भगाने उत्साहित कर रहे हैं। कवासी वैसे भी झीरम समेत अनेक मामलों में संदिग्ध रहे हैं। झीरम का सबूत भूपेश बघेल भी अपनी जेब में होने का बात करते रहे हैं, जबकि आज तक उन्होंने साक्ष्य दिए नहीं । इससे पहले राजनांदगांव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरण दास मंहत ने कहा लाठी से मोदी का सिर फोड़ दें, ऐसा सांसद चहिए। शिव ( डहरिया) केवल गाली दे सकेत हैं मोदी को, जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं। मोदी को परेशान कर कर के चीन भेज देना चाहिए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के मोहला मानपुर के नक्सली सूरजू टेकाम (इसी हफ्ते गिरफ्तार हुआ है) ने कांग्रेस विधायक के मंच पर रहते ही यह आह्वान किया था कि भाजपा के लिए वोट मांगने आने वालों को काट देना चाहिए। बाद में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या भी हुई। क्या यह सभी कांग्रेस प्रायोजित नहीं है?

## जांगलेसर में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणी गाडगे महाराज की जयंती

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 अप्रैल।** गांव जंगलेसर में रजक समाज संत शिरोमणी गाडगे महाराज की 147 वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गयी। परिक्षेत्र रजक संघ जंगलेसर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गाडगे बाबा ईष्ट देव शंकर भगवान की पूर्जा अर्चना की गई शंकर भगवान तत पश्चात की आरती गायन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो गांव शीतला माता से लेकर गाँव की समस्त गलियों से भ्रमण करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। लोगो ने एक दुसरे को जंयती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगाव ने समाज को जयंती कि बधाई दी और कहा कि रजक समाज निर्मल समाज यह समाज कोई भी समाज का हो मरनी छट्टी से लेकर अन्य कार्य मे जाकर लोगों के घर को पवित्र करने मे अहम भुमिका निभाते है। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज में शिक्षित होना जरूरी है। आगे समाज को सहयोग देने की बात कही है। अध्यक्षता कर रहे समाज के जिला अध्यक्ष डा. एल आर निर्मलकर ने कहा कि इस परिक्षेत्र के अध्यक्ष कोमल रजक के तबियत खराब होने के कारण हमारे बीच उपस्थित नही हो पाये । उनके तबियत अतिशीघ्र ठीक हो जाये की मंगल कामना करते हुए आगे संत शिरोमणी गाडगे बाबा की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे संत गाडगे बाबा के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ निर्मलकर ने कहा कि प्रत्येक परिवार का शिक्षित होना जरूरी है। मोबाईल का सही उपयोग करते हुए घर परिवार में संस्कार अच्छा से देना चाहिए बच्चे संस्कारमय निकले । इस अवसर पर विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपुत प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा छ.ग., अमर ललवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, उपाध्यक्ष डॉ हेमसिंह निर्मलकर, सह सचिव रोहित निर्मलकर सचिव दीलिप निर्मलकर कोषाध्यक्ष आत्मा राम निर्मलकर संरक्षक पथं निर्मलकर देवनाथ आशा निर्मलकर फुलेरा निर्मलकर ईश्वर निर्मलकर संजय निर्मलकर, प्रचार प्रसार मंत्री रहिपाल निर्मलकर । पंचगण नीलकंठ निर्मलकर, नारद निर्मलकर, खोमू रजक बबला निर्मलकर अश्वनी रजक, गन्नूराम निर्मलकर केशरी नंदन निर्मलकर शंकर राजक चोवाराम निर्मलकर नरेश निर्मलकर, बड़ी संख्या में समाजिक बंधु उपस्थित थे।

### केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी

**रायपुर 12 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हर गरीब परिवार की एक महिला को महालक्ष्मी मान कर उनके खाते में साल के 1 लाख रू डालने का संकल्प लिया है। महिलाएं 'घर का बैंक' होती हैं जिनके पास गया एक-एक रुपया परिवार को मज़बूत बनाने में ही लगता है और मज़बूत परिवार ही मज़बूत समाज का आधार हैं। महिला को अब किसी के आगे हाथ फैलाने या नज़र झुकाने की ज़रूरत नहीं होगी। पढ़ाई, कमाई और दवाई का बोझ घर की महिला खुद अपने कंधों पर उठाने में सक्षम होगी। महिलाओं के हाथ में एक लाख का मतलब परिवार के सामने अचानक आई किसी विपदा से निपटने का इंश्योरेंस भी है। यह योजना बड़ी संख्या में छोटे निवेश वाले बिजनेस शुरू करने में सहायक बन कर गांव-गांव महिलाओं को उद्यमी भी बनाएगी।

## श्रम मंत्री बोले - यह लोकसभा चुनाव देश की दशा व दिशा तय करेगा

# कांग्रेसियों का काम सिर्फ झूठ बोलना : लखनलाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन अपने एकदिवसीय दौरे पर खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल भाजपा के अंतर्गत ग्राम भोथी, करमतरा, रेंगाकठेरा, सलौनी, सोनभट्ठा एवं मदराकुही पहुँचे जहां भाजपाइयों ने प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया। बता दें कि जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने उक्त ग्रामो में पहुँचकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओ से निवेदन किया साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल झूठ बोलकर छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के कार्यकाल में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है व प्रदेश में महादेव एप्प घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला यहां तक कि गौमाता के चारे पैरा में भी घोटाला करने में भी पीछे नही रहे जिसके चलते इनके कार्यकाल के कई अधिकारी आज जेल में बंद है।तथा इन्होंने युवाओ व होनहार छात्रों के साथ भी पीएससी में घोटाला करके यह बता दिया है कि इनसे बड़ा घोटाले बाज कोई नही है।छत्तीसगढ़ राज्य में घोटाले की लम्बी फेहरिस्त के चलते जनता ने 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया व केंद्र में बैठी मोदी सरकार के गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार को छत्तीसगढ़ की कमान सौपी है जिसमे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सबसे पहले गरीबो के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति पर मुहर लगाई ततपश्चात किसानों को 2 वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान किया साथ ही किसानों को एकमुश्त धान की अंतर की राशि देकर बता दिया है कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए यह भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है साथ ही विवाहित महिलाओ को महतारी वन्दन योजना के अंतर्गत हर महीने एक हजार रुपये सीधे उनके खाते में भेज रहे है जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। मंत्री लखनलाल ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव है जिससे देश की दशा व दिशा तय होना है।व मोदी के पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में अनेक कार्य हुए है साथ ही देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है व देश की जनता तीसरी बार भी मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आतुर है। संबोधन की कड़ी में खैरागढ़ विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 10 वर्षो में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये है जिसमे प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक शुद्ध पेयजल की योजना हो या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना छः हजार रुपये देकर किसानों का सम्मान किया है।

## समाचार संक्षेप

### बैठक में पार्किंग व्यवस्था को लेकर संचालकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी देवी जी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये आज दिनांक- 11.04.2024 को थाना परिसर डोंगरगढ़ में, एसडीओपी आशिष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ चन्द्रकान्त शर्मा, नायब तहसीलदार विजय साहू, एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी0आर0 चन्द्रा द्वारा मेला में पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करानें वाले संचालकों का मीटिंग लिया गया मीटिंग में नगर पालिक परिषद अध्यक्ष डोंगरगढ़ श्री सुदेश मेश्राम भी शामिल हुये। मीटिंग में पार्किंग व्यवस्था को लेकर विभिन्न प्रकार के आवश्यक चर्चा कर पार्किंग संचालको से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पार्किंग व्यवस्था हेतु राशि दोपहिया वाहन- 10/-रू0, चारपहिया वाहन- 100/-रू0 एवं बस एवं अन्य वाहन के लिये 150/-रू0 का पार्किंग शुल्क राशि तय कर पार्किंग स्थल में रेट लिस्ट बोर्ड लगाने, रसीद देने, पार्किंग स्थल में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, पार्किंग स्थल पर संचालक का नाम नंबर लेख करने, किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसुली नहीं करने संबंधी समझाईस दिया गया है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहाड़ी मंदिर पहुंचकर लिया माता का आशीर्वाद



**डोंगरगढ़ 12 अप्रैल।** नवरात्र के तीसरे दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुढ़ीपार में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद माता के दरबार पहुंच विधि विधान से पूजा अर्चना का कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करते माँ बम्लेश्वरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया । पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय माता के दरबार पहुचे थे। मंदिर दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के साथ साथ कार्यकर्ताओं के बातचीत भी की। इस दौरान सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे, विधायक अनुज शर्मा, महामंत्री भरत वर्मा,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, हरविंदर एस मंगे, संतु राव, प्रिंस कक्कड़, सुमित मिश्रा, साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी,महेंद्र परिहार, योगेश अग्रवाल, केशव नरेडी,संजीव गोमास्ता, के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे। नपा उपाध्यक्ष सहित महिला निर्दलीय पार्षद ने किया भाजपा प्रवेश। मुख्यमंत्री साय के आगमन पर नगर के कालका पारा व बधियाटोला के 02 पार्षदों ने भाजपा प्रवेश किया। आपको बता दे कि वार्ड क्रमांक 11 के निर्दलीय पार्षद उमा महेश वर्मा व वार्ड क्रमांक 08 की निर्दलीय महिला पार्षद अलका जयेश सहारे ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय के तीन माह के कार्यकाल से प्रभावित होने के साथ प्रदेश में महतारी वंदन योजना में महिलाओ के खाते में पैसा आने सहित भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित व पिछड़ा वर्ग आयोग के मंत्री रामजी भारती के मार्गदर्शन व योगदान से देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में जुड़ने का अवसर प्रदान हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने दोनों निर्दलीय पार्षदों को भाजपा में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों की प्रदेश में चर्चा है व आप लोग पार्टी के लिए कार्य कर लोकसभा चुनाव में सांसद लाये।

### सुपेला के शीतला मंदिर में 57 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित



**अंवरी 12 अप्रैल।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम सुपेला के आराध्य देवी मां भगवती शीतला मंदिर प्रांगण मे आस्था के ज्वांरा एवं ज्योति कलश स्थापना किया गया है जहां पर श्रद्धालुओं व ग्रामवासियों द्वारा 57 मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया गया है ज्योति कलश व जंवारा आयोजन में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मुलचंद साहू,सचिव द्वारिका प्रधान,कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह,संरक्षक कृष्ण दयाल साहू, सोनउ राम देवांगन,शीतला मंदिर के बैगा बुद्धदेव साहू,डोमन लाल,विष्णु राम साहू व ग्राम विकास समिति का विशेष योगदान है ।

### कांग्रेस ने नहीं ली गरीबों की सुध: मनोज निर्वाणी

**राजनंदगांव 12 अप्रैल।** भारती जनता पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र में कहीं भी गरीबों का जिक्र नहीं है, और ना ही गरीबी हटाने की कोई स्पष्ट नीति या योजना इस घोषणा पत्र से नदारत है, उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का नारा था गरीबी हटाओ परंतु आज कांग्रेस भ्रष्टाचार और जातिगत भेदभाव पैदा कर देश को तोड़ने में लगी हुई है, इसलिए इसकी घोषणा पत्र में कहीं भी गरीबी हटाने या गरीबों के हित में कोई योजना नहीं बनाई गई है। निर्वाणी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर अंतिम व्यक्ति के भले के लिए कार्य करती है, इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी झुग्गी झोपड़ियो को पक्के मकान में बदलने का ऐतिहासिक कार्य जारी है। जिसके तहत 4 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं, इस योजना के प्रतिउत्तर में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों के मकान बनाने के संबंध में कोई बात नहीं की है, और तो और भारतीय जनता पार्टी की महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह ?1000 की राशि दी जा रही है, परंतु कांग्रेस में कपोल कल्पित घोषणा करते हुए देश के बजट से भी ज्यादा घोषणा करके अपनी हंसी उड़ाई है। संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि कांग्रेस शुरू से गरीबी नही वरन गरीबों को ही मिटाना चाहती है, इसलिए वह कभी भी गरीबों के हित में नहीं सोचती और लगातार उनके शोषण की योजनाएं ही बनाती रही हैं, निर्वाणी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मतदाता कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का करारा जवाब देगी और भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जनता विजय बनाएगी।



केजरीवाल दूसरे दलों के नेताओं के समान खुद को नहीं मानते थे,वह खुद को सबसे अलग मानते थे।

## संपादकीय

# आम लोगों का भरोसा टूटना अच्छी बात नहीं है...

वह शुरू में बाकी सभी दलों को भ्रष्टाचार करने वाले और खुद को ईमानदार बताया करते थे।वह अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने निकले नेता थे इसलिए देश की जनता को उनसे दूसरे तमाम नेताओं से ज्यााद उम्मीद थी। जनता मानती थी केजरीवाल वाकई में सबसे ईमानादार नेता हैं। वह देश व राज्य के लिए जरूर कुछ अच्छा करेंगे।कम से कम वह जिस राज्य के सीएम रहेंगे वहां कोई भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे। देश की जनता केजरीवाल से भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहती थी और यह चाह केजरीवाल ने ही जनता में पैदा की थी। जब तक केजरीवाल सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते गए तो जनता सोचती थी कि बाकी नेताओं ने किया होगा, केजरीवाल तो ईमानदार हैं। जब शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई तो जनता के भरोसा टूटा और जब कोर्ट ने कह दिया कि भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल की संलिप्तता है तो जनाता का रहा सहा भरोसा भी टूट गया। लोकतंत्र में जनता जिस नेता पर जिस बात के लिए भरोसा करती है, वही बात वह नेता करे तो जनता का भरोसा टूट जाता है। फिर वह बरसों तक किसी नेता पर भरोसा नहीं करती है।केजरीवाल ने जो कुछ किया है या उन पर जो कुछ आरोप लगे हैं,उससे देश की जनता का भरोसा टूटा है और यह कोई अच्छी बात नहीं है।

लोकतंत्र में जनता को अच्छे नेताओं की जरूरत होती है। अच्छे नेताओं होते हैं तो लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। भ्रष्ट नेता तो खुद भी भ्रष्टाचार करते हैं, दूसरों को भी करने की खूली छूट देते हैं और देश व राज्य को लूटते रहते हैं। पहले कम से कम सीएम का नाम तो भ्रष्टाचार में कम ही आता था। अब तो सीधे सीएम का नाम सामने आता है और उनकी गिरफ्तारी भी होती है। इससे जनता को लगता है कि इस नेता ने जो वादा किया था वह पूरा नहीं किया और भ्रष्टाचार कर उसका विश्वास तोड़ा है। इसका मतलब क्या है,इसका मतलब है कि सत्ता में आते ही सीएम से लेकर मंत्री तक भ्रष्टाचार करने से बच नहीं पा रहे है। जनता की नजर में यह नेता भ्रष्टाचार करके सत्ता के लायक नहीं रह जाते हैं, बाद में जनता इनको चुनाव में नकार देती है तो यह कहते हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी कर चुनाव मे उनको हरा दिया गया है।

हकीकत में जनता अब सत्ता मिलने पर भ्रष्टाचार करने वाले दलो को नेताओं को पहचानती जा रही है और उनको केंद्र व राज्य में सत्ता से बाहर कर रही है। देश के तमाम नेताओं में पीएम मोदी ही एक ऐसे नेता है जो पहले जितने ईमानदार थे, सत्ता में बीस साल रहने के बाद उतने ही ईमानदार है। उनकी तुलना देश के किसी भी सत्ता में रहनेवाले नेता से की जाए तो सत्ता में रहनेवाले नेता के पास जितनी संपत्ति होगी उसका एक प्रतिशत भी मोदी के पास नहीं होगा। केजरीवाल जनता के लिए भविष्य के मोदी हो सकते थे लेकिन वह १२ साल में ही असफल हो गए। वहीं मोदी २० से मोदी है, जरा भी नहीं बदले हैं, सत्ता उन्हे नहीं बदल पाई और केजरीवाल को सत्ता ने पूरी तरह बदल दिया। कभी केजरीवाल पीएम मोदी का अनपढ़ राजा कहकर मजाक उडाया करते थे आज वह जेल में है तो पूरा देश उनका मजाक उडा़ रहा है।

किशन सनमुखदास भावनानी

चुनाव

# चुनाव खर्च को लेकर आयोग के कड़े तेवर तथा पग पग पर नकेल कसना सराहनीय



वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक होने वाले चुनावी महापर्व में उम्मीदवार बने प्रत्याशियों के लिए केवल चुनावों का प्रचार प्रसार करना और लोगों का समर्थन हासिल करने तक ही अकेली चुनौती नहीं है,चुनावी अभियान का संचालन करने के बीच खर्च का हिसाब किताब रखना भी आसान नहीं होगा। हालांकि 2024 के चुनाव में खर्च सीमा बढ़ाकर 70 लाख से 95 लाख कर दी गई है,परंतु फिर भी चुनाव आयोग द्वारा पहले से निर्धारित खर्च संबंधी नियमों का सख़्ती से पालन करने के अतिरिक्त जैसे-जैसे डेवलपमेंट्स हो रहे हैं, चुनाव आयोग वैसे-वैसे दिशानिर्देशों की कड़ी में नए-नए नियमों को जोड़ता जा रहा है,जिसे उम्मीदवार बने प्रत्याशी को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है,वरना लोकसभा सदस्य बन जाने के बाद भी चुनाव आयोग की कार्रवाई से सदस्यता पर प्रश्न चिह्न भी लग सकता है क्योंकि अभी दो दिन पहले ही चुनाव आयोग ने सख़्ती बढ़ाते हुए फरमान जारी कर दिया है कि अगर उम्मीदवार समुदायिक भोज लंगर भंडारे या विभिन्न समारोहों में शामिल हुए तो पूरा खर्च उनके खाते में जोड़ दिया जाएगा। बता दें अभी 9, 10 व 11 अप्रैल 2024 को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा,चेट्रीचंड्र सिंधी दिवस वह ईद उल फितर सहित विभिन्न सामाजिक समूहों धार्मिक समूहों द्वारा मनाया गया, जिसमें मैं विशेष रूप से इन धार्मिक उत्सवों पर नजर रखी तो मुझे कोई किसी भी पार्टी का कोई नेता या उम्मीदवार नजर नहीं आया और ना ही किसी पार्टीबाजी का वर्चस्व दिखा साफ जाहिर है,चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों की नकेल कसने का असर दिखाई दिया। चूंकि चुनाव आयोग सख्त बना हुआ है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों की चुनाव आयोग के खर्च के नियमों में कड़े तेवरोंसे पगपग पर नकेल कसना सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर सख्त नकेल कसने की कड़ी में एक और नियम जोड़ने की करें तो,चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। साथ ही प्रत्याशियों के खर्च पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। अब एक ऐसा ही नियम प्रत्याशियों के भंडारे और लंगर से भी जुड़ा है। दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि प्रत्याशी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है, तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के चुनावी खर्च के रूप में माना जाएगा और इसे उसके चुनावी व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।आयोग ने कहा है कि मतदाताओं से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद प्रत्याशी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों, यदि प्रत्याशी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा।यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किए गए व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आगंतुक के रूप में भाग लेता। कर पेशेवर प्रत्याशियों को सावधान कर रहे हैं कि शादियों के मौसम में वे विशेष ध्यान रखे सामाजिक आयोजन, शादी या पार्टी में प्रत्याशी शामिल तो हो सकते हैं, लेकिन ऐसी किसी शादी-पार्टी या आयोजन में उनके लिए वोट की अपील कर दी गई या कोई फोटो-बैनर लगा दिया गया तो उस पूरे आयोजन का खर्च उसके चुनावी खर्च में जोड़ लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने इफ्तार पार्टी और भंडारे जैसे आयोजनों के दौरान रास्ता रोकने पर भी सख्ती दिखाई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह सुनिश्चित करें कि कहीं भी रास्ता रोककर ऐसे आयोजन न किए जाए, जिससे लोगों को परेशानी हो।आयोग ने यह निर्देश कर्नाटक के मंगलुरू से मिली शिकायत के बाद दिए हैं, जिसमें सड़क के बीचों-बीच इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। आयोग ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। आयोग ने साफ कहा है कि रास्ता रोककर किसी भी तरह के आयोजन करना गैर-कानूनी है।आयोग ने ऐसे आयोजनों को लेकर न सिर्फ सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को सतर्क किया है, बल्कि ऐसे आयोजनों के राजनीतिक जुड़ाव पर उसका खर्च राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों के चुनावी खर्च में जोड़ने का निर्देश दिया है। साथ ही जरूरी कार्रवाई भी करने को कहा है। चुनावी निष्पक्षता के लिए राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओरसे मतदाताओं को लुभाने की प्रत्येक कोशिश को रोकने में जुटे चुनाव आयोग ने फिलहाल रोजा इफ्तार दावतों और धार्मिक भंडारों जैसे आयोजनों पर भी चौकसी बढ़ा दी है।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार अतिरिक्त खर्च हिसाब किताब सहित अन्य चुनौतियों की करें तो, आम चुनाव में उम्मीदवार बने रहे प्रत्याशियों के लिए प्रचार और लोगों का समर्थन हासिल करना ही अकेली चुनौती नहीं है। चुनावी अभियान के संचालन के बीच खर्च का हिसाब-किताब रखना भी आसान नहीं है। हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बन रहे उम्मीदवार इस साल थोड़ी राहत महसूस कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने खर्च की सीमा में पूरे 25 लाख रुपये की वृद्धि की है। हालांकि खर्च के नियमों की सख्ती अब भी जारी है।इन आम चुनाव में प्रत्येक लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनने वाला उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। खर्च की गिनती तब से शुरू होगी जबसे वह उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करता है। प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव खर्च के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। उस करंट खाते के जरिये ही उम्मीदवार चुनाव का खर्च कर सकेगा।नकद खर्च को लेकर भी बंधन लागू है। पूरे चुनावी दौर में कोई भी उम्मीदवार एक व्यक्ति को 10 हजार से ज्यादा का भुगतान नकद नहीं कर सकता। उम्मीदवार इस खाते में खुद के पास मौजूद पूंजी के साथ परिवार, अपने दल या किसी से कर्ज लेकर पैसा जमा कर सकता है लेकिन चंदा नहीं ले सकता है। साथियों बातअगर हमउम्मीदवारों के लिए संदेहास्पदलेनदेनों की करें तो, यह माना जाएगा संदेहास्पद लेन-देन (1) पिछले दो माह में जमा या निकासी का कोई उदाहरण हुए बिना निर्वाचन के दौरान एक लाख रुपए से अधिक की असामान्य एवं संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाते में डाला जाना।(2) निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे अन्तरण का कोई पूर्व उदाहरण हुए बिना पैन के माध्यम से एक बैंक खाते में विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का असामान्य रूप से राशि का अंतरण।(3) अभ्यर्थी या उनकी पत्नी या उसके आश्रितों जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किए शपथ पत्र में उल्लेखित है जो मुख्य निर्वाचन अधिकरियों की वेबसाइट में उपलब्ध हैं, के बैंक खाते में एक लाख से अधिक की नकद राशि जमा करना या निकालना।(4) निर्वाचन प्रकिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते से एक लाख रुपए से अधिक की नकद राशि निकालना व जमा करवाना। (5) अन्य कोई भी संदेहजनक नकद लेन-देन, जिसे निर्वाचकों को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा।

साथियों बातअगर हमउम्मीदवारों के लिए अन्य वित्तीय नियमों की करें तो, बैंक खाता राज्य के किसी भी बैंक में या डाकघर में भी खोला जा सकता है।अभ्यर्थियों के बैंक खाता खोलने के लिए एक समर्पित काउन्टर पृथक से खोला जाना चाहिए, जो जमा एवं आहरण प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। संदेहास्पद लेन-देन के संबंध में सूचना निर्धारित प्रपत्र में लीड बैंक मैनेजर द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रकोष्ठ में जिले के समस्त बैंकों की सूचना साप्ताहिक दिनांकवार संकलित करते हुए भिजवाई जाएगी।संदेहास्पद लेन-देन को राकने के लिए अग्रणी बैंक के नेतृत्व में एक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। जिसमें जिले के प्रत्येक बैंक एवं शाखाओं की सूची निर्धारित प्रारूप में भिजवाई जाएगी। संदेहास्पद लेन-देन की पहचान शाखा प्रबंधक द्वारा की जाएगी एवं सूचना लीड बैंक द्वारा संकलित कर साप्ताहिक दिनांकवार निर्वाचन व्यय लेखा प्रकोष्ठ को भिजवाई जाएगी।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस में बताया कि चुनाव के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा नकदी मिलने पर उसका स्रोत और मकसद बताना होगा। स्रोत या उद्देश्य नहीं बताने पर राशि जब्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति के पास दस लाख रुपये या इससे अधिक राशि मिलती है तो तुरंत आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी के अधिकृत चुनाव एजेंट को भी यदि नकद राशि ले जाते हुए पकड़ा जाता है तो उन्हें भी उसका हिसाब देना होगा।दस हजार रुपये से अधिक कीमत के पोस्टर, निर्वाचन सामग्री, ड्रग्स, मदिरा, हथियार या उपहार मिलते हैं जिनका उपयोग प्रलोभन के लिए किया जा सकता है उन्हें भी जब्त किया जा सकता है।अब तक दो लाख रुपये तक की रकम लेकर चलने पर उसका प्रमाण पत्र, बैंक रिकार्ड या रुपये के लेनदेन का ब्योरा लेकर चलना होता था। मगर, अब इस राशि का दायरा बढ़ाकर दस लाख रुपये कर दिया है।अगर कहीं चेकिंग में रकम पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ी जाती है और यह टीम तत्काल आयकर टीम को बुलाएगी। आयकर टीम जांच करेगी। मौके पर आयकर टीम को संबंधित व्यक्ति प्रमाण पत्र दिखा पाएगा तो रकम छूटेगी। अन्यथा उस रकम को फ्रीज कर जांच में रखा जाएगा।चुनाव आयोग इससे पहले ही चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटे जाने वाले उपहारों, पैसों, शराब व ड्रग्स आदि पर पैनी नजर रखता है। साथ ही इसे जब्त करने की कार्रवाई भी करता है। गौरतलब है कि 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत के उपहार, नकदी व शराब आदि जब्त हुई थी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव आयोग का फरमान-उम्मीदवार बने प्रत्याशियों गंभीरता से ध्यान दीजिएगा जी!सामुदायिक भोज लंगर भंडारे या समारोहों में उम्मीदवार बने प्रत्याशी शामिल हुए तो पूरा खर्च खाते में जुड़ेगा।लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के खर्चे नियमों में,कड़े तेवरों से पग पग पर नकेल कसना सराहनीय है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। माता को मीठे का भोग लगाये, परिवारिक रिश्तों में मिठास आएगा।

वृष राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये हैं। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेलःजोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरू करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। आज आप कुछ निजी मामलो में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। परिवार के साथ मां दुर्गा की आरती करें, पारिवारिक ताल-मेल मजबूत होगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे। मां चंद्रघंटा को नमस्कार करें, आपका स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा।

सिंह राशिः आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बरकरार रहेगी। माता दुर्गा को इलायची अर्पित करें, घर से निगेटिविटी दूर होगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। माता का आशीर्वाद लें, कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का शोल्युशन निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी। माता चंद्रघंटा को पुष्प अर्पित करें, रूके हुए कार्य पूरे होंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यो से काफी खुश नजर आएंगे। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी। माता दुर्गा को शहद का भोग लगायें, समाज में आपका नाम ऊंचा होगा।

धनु राशिः आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। माता को कुमकुम का तिलक लगायें, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है। इस राशि के जो लोग मीडिया जगत से जुड़े हैं उनका दिन किसी प्रोजेक्ट को कम्पलीट करने में गुजरेगा। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मां चंद्रघंटा की उपासना करें, सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका ज्ञान बढ़ेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। मां दुर्गा को नारियल अर्पित करें, सेहत में सुधार आएगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोडऩे के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, पशु सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा और आपका सानिध्य बढ़ेगा। मां दुर्गा के सामने कपूर जलायें, आपके सारे काम असानी से पूरे हो जाएंगे।

## व्यंग्य

# झूठ बोलिए बिजली बनाइए

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



समाचार पत्र के पहले पन्ने पर छपा था – समुद्री लहरों से बिजली उत्पादन, हुआ फलाँ देश से करार। पढ़कर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। अब धरती के भीतर बचा ही क्या है? खुदाई पर खुदाई करते जायेंगे तो खुदा की खुदाई शर्माएगी नहीं तो क्या ब्रेक डैंस करेगी? वह तो बच्चे हैं जो गुब्बारे में हवा भरकर धरती को फुलाए रखे हैं! पेट्रोल के चक्कर में इंसान पे के साथ-साथ टे-टे करते-करते इतना ट्रोल हो रहा है कि पूछो मत। बहुत जल्द डीजल का नाम बदलकर दिल जल करने का प्रस्ताव जनता की संसद में जारी होने वाला है। मिट्टी का तेल तो कब का मिट्टी हो चुका। अब बचा ही क्या धरती में जो उसमें से निचोड़ोगे। ईंधन के बिना जानवर जी सकते हैं, इंसान कतई नहीं। यहाँ खिसकन, घिसकन के लिए भी इंसान ईंधन मांगता है।

पंचतत्व में विलीन होने से पहले इंसान पंचतत्व की बैंड बजाकर छोड़ता है। ईंधन की भूख ने पंचतत्वों को कहीं का नहीं छोड़ा। वायु, अग्नि, धरा, गगन, जल में से जो मिला, जैसे मिला, जहाँ मिला उसका जैसे चाहा तैसे, जब चाहा तब खूब इस्तेमाल किया। थोड़ी देर के लिए दोस्त की बाइक मिल जाए तो जो कुटाई होती है, वही हालत पंचतत्वों की है। तत्व तो कब के हवा हो गए अब तो केवल इंसानों के लिए पंच बचा है। वैज्ञानिकों ने बहुत पहले कह रखा था कि हिलने-डुलने और हर सड़ने वाली चीज़ से ऊर्जा पैदा की जा सकती है। विश्वास न हो तो इंसान को ही ले लो। यह जितना हिलता-डुलता और सड़ता है उतना ही उत्पात मचाकर छोड़ता है।

समुद्री लहरों से बिजली पैदा हो न हो इंसानी धड़कनों से जरूर पैदा हो सकती है। सड़ते अंधविश्वासों से अविश्वसनीय बिजली का महारूप तैयार किया जा सकता है। नेताओं की लंबी-लंबी फेंकने से भी ईंधन का विकराल रूप प्रकट हो सकता है। अब तो रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया हर जगह इन्हीं फेंकुओं की धूम है। इनकी ईर्ष्यागाथा से विरोधियों के पेट में जो मराड़ पैदा होती है, उससे भी बिजली पैदा की जा सकती है। इन फेंकुओं के मुख पर पाइप लगा दें तो इतनी बिजली पैदा होगी कि आने वाली अनंत पीढ़ियों को बिजली तो क्या किसी चीज की कमी नहीं पड़ेगी।

कभी-कभी ख्याल आता है कि ईर्ष्या के बजाय झूठ से बिजली पैदा की जाए तो कैसा रहेगा! चूंकि देश में सच आईसीयू में है और झूठ राज कर रहा है, सो इसी से अनंत बिजली तैयार की जा सकती है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि इसका निर्यात पड़ोसी देशों को किया जा सकता है। जरूरत पड़ी तो पूरी दुनिया को भी। और समय चुनाव का हो तो इतनी बिजली पैदा होती है कि पूरे ब्रह्मांड की लाइटिंग की जा सकती है। इसलिए झूठ बोलते जाइए बिजली के गुन गाते जाइए।

रमेश सर्राफ धमोरा

चुनाव

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला

हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चर्चाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस



के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था।

लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है। कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है। मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था।

पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।

## एक नजर

### डाक मतपत्र से मतदान के लिए 4 स्थानों पर सुविधा केंद्र स्थापित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र तथा अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर जिले में 04 सुविधा केंद्र एवं 01 पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल भानुप्रतापपुर में स्थापित सुविधा केन्द्र में 17 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 5 बजे तक, जनपद पंचायत पखांजूर में 18 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 5 बजे और लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 5 बजे तक संबंधित क्षेत्र के थाना के पुलिसकर्मी एवं वनमण्डल भानुप्रतापपुर (पूर्व/पश्चिम) के सुरक्षा कर्मी मतदान करेंगे। इसी प्रकार कार्यालय संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन, तृतीय तल, जिला मलेरिया कार्यालय के पास स्थापित सुविधा केंद्र में अन्य जिलों में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी 17 अप्रैल और 18 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे और उड़नदस्ता, वेब कास्टिंग, कन्ट्रोल रूम के अधिकारी-कर्मचारी और शासकीय वाहन चालक 19 अप्रैल को 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे, पुलिसकर्मी एवं वनमण्डल कांकेर के सुरक्षा कर्मी हेतु 20 अप्रैल और 22 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे तथा होमगार्ड कर्मचारी 21 अप्रैल और 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे मतदान करेंगे। शेष सभी छूटे हुए कर्मचारी 24 और 25 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे को मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा कांकेर कार्यालय संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन, तृतीय तल, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास स्थापित पोस्टल वोटिंग सेन्टर में 17, 18, 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 से 05 बजे अनिवार्य सेवा वाले मतदाता डाक मतपत्र से मतदान कर सकते हैं।

### स्वीप के तहत वीडियो बनाकर मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान सम्पन्न होना है। मतदान दिवस के दिन शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता के तहत जिले के कोई भी नागरिक जागरूक रहेगा कांकेर मतदान करेगा कांकेर थीम पर अपील, अनुरोध, रील, कविता, भाषण, संगीत, साईन लैंग्वेज या अन्य माध्यम से 30 सेकेंड की हाई रिजॉल्यूशन वीडियो तैयार कर मोबाइल नम्बर 7389562231 पर वाट्सअप कर सकते हैं। ज़िला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उक्त वीडियो में से श्रेष्ठ स्पीच एवं अपील को पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल को रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सुकमा, 12 अप्रैल।** स्वीप अंतर्गत सुकमा जिले के कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवम स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्री लक्ष्मण तिवारी के मार्गदर्शन में 15 अप्रैल 2024 को जिला स्तरीय रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन मिनि स्टेडियम सुकमा में प्रस्तावित है। जिसकी पूर्व तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस आर मांडवी एवम सहायक आयुक्त श्री शरत शुक्ला द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षक,शिक्षिकाए,संकुल समन्वयक,अधीक्षकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में रंगोली कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी,सास्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। 15 अप्रैल को सुबह 6 बजे से रंगोली कार्यक्रम की तैयारियां शिक्षक ,संकुल समन्वयक एवम बच्चों द्वारा की जाएगी। शाम 4 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगा। बैठक में सहायक परियोजना समन्वयक श्री आशीष राम, जिला खेल अधिकारी श्री विरुपाक्ष पुराणिक, खंड स्त्रोत समन्वयक श्री दीपक बारसे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रफुल्ल डेनियल,प्राचार्य श्री एच एस सिधार एवम स्कूलों के प्राचार्य,संकुल समन्वयक,अधीक्षक, शिक्षकगण उपस्थित थे।

# धनबल के सामने मेरा मुद्दा विकास है, कोंटावासियों के दिल में जगह मांगने आया हूं : महेश कश्यप

## किसान का बेटा को सांसद बनाने कमल पर सांय-सांय बटन दबाना है: सोयम मुक्का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 12 अप्रैल।** भाजपा प्रत्याशी महेश कशयप दो दिवसीय सुकमा जिले के प्रवास के दौरान गुरुवार को कोंटा व दोरनापाल मण्डल के दौरे पर पहुँचे,और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दोरनापाल व कोंटा में भाजपाइयों द्वारा जगह जगह महेश कश्यप का भव्य स्वागत किया गया। कोंटा पहुंचने पर सैकड़ो की संख्या युवा मोर्चा और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली के माध्यम से प्रत्याशी को पूरे शहर का भ्रमण करवाया। कोंटा में बाजार पहुँचकर महेश कश्यप ने जनसम्पर्क करते हुए भाजपा को वोट देने की अपील की। भाजपा नेता सोयम मुक्का ने कहा कि किसान के बेटा को सांसद बनाने थाय थाय भाजपा पर बटन दबाना है,ओर बस्तर से कांग्रेस को बाय बाय भगाना है।और फिर से केंद्र में सांय सांय भाजपा सरकार बनाना है। पूर्व चित्रकोट विधायक लच्छू राम कशयप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगातार देश के विकास हेतु कार्य किया जा रहा हैं । गांव के किसान बेटे को एक भ्रष्टाचारी के सामने खड़ा करके जनता के समक्ष भाजपा ने सांसद बनाने के लिए भेजा है। कोंटा से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट पड़ना चाहिए जिससे कि लखमा का गढ़ ढह जाए। प्रत्याशी महेश ने कहा कि बस्तर लोकसभा से भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है वह एक गरीब प्रत्याशी हैं इसलिए वह न ही मुर्गा नही पैसा बांटने आए हैं, वह केवल जनता के आशीर्वाद व विश्वास लेने कोंटा की जनता के समक्ष पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कोंटा से बीजेपी की लहर ऐसी चलनी चाहिए जो दिल्ली तक पहुंचे। महेश कश्यप ने कहा कि वह कोंटा वासियों के दिल में जगह मांगने आए हैं।उन्होंने कहा कि पैसे के दम पर चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति के सामने वह जनता के आशीर्वाद व समर्थन के बल परयह चुनाव लड़ रहे है । उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को कोंटा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 19 अप्रेल को भाजपा के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से भाजपा को विजयी बनाएं। इस दौरान उनके साथ मौजूद जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा लखमा ने लोकसभा चुनाव में हार मान ली है इसका सबसे बड़ा प्रमाण है उनका अभद्र एवं हिंसक बयान जो उन्होंने प्रधानमंत्री जी के बारे में दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे,सोयम मुक्का,अरुण भदौरिया, गंगाचलम, जी साई रेड्डी,पार्वती प्रधानी,जमुना मांझी,राधा नायक,संजय सोढ़ी,सोनू भदौरिया, विजेंद्र सिंह,पी विजय,सुभाष चतुर्वेदी,रउफ खान,पूनम नारलया,राजकुमार ,लाला ,जी गंगा चलम सहित अन्य मौजूद थे।

# दो दशक बाद नक्सलियों के बंधन से मुक्त हुआ भगवान श्रीराम का मंदिर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 12 अप्रैल।** जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के केरलापेन्दा गाँव में कुछ लोगों ने बताया कि भगवान राम का मंदिर कई वर्षों पहले बनाया गया था। मंदिर कब और किसने बनाया, यह जानकारी तो ग्रामीण नहीं दे पाएँ पर वर्ष 2003 के आसपास नक्सलियों ने उक्त मंदिर को बंद करने का फ़रमान सुना दिया।

भगवान राम के जन्मभूमि अयोध्या में पाँच सौ वर्ष के इंतज़ार के बाद मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा इसी वर्ष जनवरी के 22 तारीख हुआ है। पूरा देश भगवान राम के मंदिर के बनने को उत्सव की तरह मना रहा है। एक ऐसा भी गाँव हैं जहां 21 वर्षों के लम्बे इंतज़ार के बाद भगवान राम के मंदिर के कपाट खुले हैं। नक्सलियों ने भगवान राम को मंदिर के अंदर ही कैद कर दिया था। सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के केरलापेन्दा गाँव में कुछ लोगों ने बताया कि भगवान राम का मंदिर कई वर्षों पहले बनाया गया था। मंदिर कब और किसने बनाया, यह जानकारी तो



ग्रामीण नहीं दे पाएँ पर वर्ष 2003 के आसपास नक्सलियों ने उक्त मंदिर को बंद करने का फ़रमान सुना दिया। कुछ ग्रामीणों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि नक्सलियों के कहने के बाद से तक़रीबन 21 वर्षों से मंदिर को बंद रखा गया। पर गाँव के ही एक परिवार के सदस्य रोज़ाना मंदिर के बाहर नक्सलियों से छिपते छिपाते आकर पूजा अर्चना करते रहे है। हाल ही में सीआरपीएफ़ व सुकमा पुलिस द्वारा केरलापेन्दा गाँव से लगे लखापाल में नया कैम्प खोला गया है। सुरक्षाबलों के कैम्प खोलने के बाद जवान ग्रामीणों से उनका हाल-चाल जानने पहुँचे थे। इसी बीच ग्रामीणों ने सीआरपीएफ़ जवानों को मंदिर के विषय में बताया और मंदिर को फिर से खोलने का आग्रह किया। जिसके बाद सीआरपीएफ़ 74वीं बटालियन के जवानों ने मंदिर परिसर में ही ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैम्प लगाया और इसी दौरान मंदिर की साफ़ सफ़ाई भी करवाई गई। जवानों के साथ गाँव के ग्रामीण भी मंदिर की सफ़ाई में शामिल हुए और मंदिर की सफ़ाई कर मंदिर के कपाट खोले गए। जिसके बाद गाँव के ग्रामीणों ने मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना भी की और सीआरपीएफ़ के मेडिकल कैम्प में इलाज करा दवाइयाँ भी ली।

### तोंगपाल के वार्ड नंबर 14 में नारी न्याय गारंटी फॉर्म भरा गया

**सुकमा 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** आज ग्राम पंचायत तोंगपाल के वार्ड नंबर 14 में नारी न्याय गारंटी फॉर्म भरा गया ओर माता बहनों से अपील किया गया 2 नंबर हाथ छाप मे बटन दबाकर भारी मतों से माननीय कवासी लखमा दादी जी को विजयी बनाएं जय जय दादी, लखमा दादी जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद, हरीश भैया जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, हांथ छाप जिंदाबाद।( कमलेश पटेल उपाध्यक्ष पीसीसी आईटी सेल सोशल मीडिया जिला सुकमा छत्तीसगढ़ )।



# जिला सुकमा में 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 12 अप्रैल।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, सुनीत कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन तथा निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, आकाश राव गिरपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण , अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 01 ईनामी सहित कुल 03 नक्सलियों 01. सोड़ी लखमा पिता स्व. सोड़ी नंदा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर+ सेक्शन कमाण्डर, ईनामी 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी केरलापेंदा कुंजामपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, 02. पोड़ियाम पोज्जा पिता स्व0 गंगा (ग्राम बर्कलंका पंचायत मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी बुर्कलंका थाना किस्टाराम जिला सुकमा, एवं 03. पोड़ियाम भीमा पिता स्व. कोसा (बुर्कलंका आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) उम्र लगभग 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी बुर्कलंका थाना किस्टाराम जिला सुकमा (छ0ग0) के द्वारा आज दिनांक 09.04.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर्स सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में जिला बल सुकमा का विशेष प्रयास रहा है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगें।

### आजादी के बाद पहली बार पहुंची दामागुड़ा-फुलबगड़ी में भाजपा

**सुकमा 12 अप्रैल।** जिले के फुलबगडी में जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे बड़ी कठिन परिस्थितियों से नक्सल प्रभावित गांव में बाइक के माध्यम से नालियों को पार कर पहुंचे दामागुड़ा,भाजपा जिला अध्यक्ष को दामागुड़ा के ग्रामीण ने रोड और पुलिया की मांग रखें अध्यक्ष ने आश्वासन दिया असर संहिता खत्म होने के बाद तत्काल पास किया जाएगा,फुलबगड़ी पंचायत के दामापरा, और कवासिपारा के सीपीआई गण से सीपीआई और कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर होकर भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 100 कार्यकर्ता भाजपा प्रवेश किये,इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रहें भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे , भाजपा जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, सुकमा मंडल अध्यक्ष डमरू नाग , मंडल महामंत्री खेमलाल सिंह, विधानसभा विस्तारक सुखराम यादव, सोशल मीडिया सहसंयोजक प्रवीण बारसे,भाजपा कार्यकर्ता मोहन दुधी, पटेल मांडवी नन्दा , पेरमा मांडवी चिंगा, एवं देवतुल्य कार्यकर्ता और समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## विभिन्न गतिविधियों से स्वीप सहेली मतदाताओं को कर रहीं जागरूक



**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी क्रम में जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोगर और कुआपानी में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप सहेली टीम के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली और महिलाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही महिलाओं ने मतदाता जागरूकता के विभिन्न स्लोगन एवं नारे संबंधी दीवाल लेखन करते हुए अनिवार्य मतदान का संदेश दिया गया।

## कांग्रेस ने बस्तर के कद्दावर नेता का किया अपमान, बीजेपी में हों शामिलः रामविचार



**सुकमा 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने बस्तर के कद्दावर नेता दीपक बैज का अपमान किया है। दीपक बैज को कांग्रेस को लात मारकर बाहर आना चाहिए। बैज को बीजेपी में शामिल कराने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, दीपक बैज से हम आह्वान करते हैं कि, वे कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आएं. बीजेपी में सबके लिए जगह है तो दीपक बैज के लिए भी जगह है। बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर शहर की महापौर सकीरा साहू के साथ ही 6 पार्षदों ने भी कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में महापौर, पार्षदों के साथ ही लगभग 2500 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने आज शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया था। नामांकन रैली से पहले शहर के मिशन ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में लगभग 2500 कार्यकर्ताओं के साथ महापौर सफीरा साहू और छह पार्षद भाजपा में शामिल हुए। इसके साथ ही 48 पार्षदों वाले निगम में भाजपा बहुमत में आ गई है। कल तक निगम में कांग्रेस के 29 और भाजपा के 19 पार्षद थे। जगदलपुर के इतिहास में घटित यह ऐतिहासिक घटना ऐसे समय में हुए है, जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी आज शहर में चुनावी सभा भी है। जानकार बताते हैं कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी की वजह से बड़ी संख्या में पाला बदल हो रहा है। जगदलपुर से पहले मुख्यमंत्री साय की लोहंडीगुड़ा सभा और बस्तर विधानसभा की सभा में भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे।

### लोकसभा चुनाव की हाई प्रोफाइल सीट है बस्तर

**सुकमा 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** बस्तर लोकसभा चुनाव की हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है जहा भाजपा से महेश कश्यप उम्मीदवार तो कांग्रेस से 6 बार के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा पर अपना दाव खेला है वही आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज जिले के नारायणपुर के ग्राम में जनसभा को संबोधित किया था तो अब बस्तर में राहुल गांधी की आवाज अब गूंजेगी जी हा बस्तर सांसद प्रत्याशी कवासी लखमा के पक्ष में माहौल बनाने 13 तारिक दिन शनिवार को बस्तर में जन सभा को संबोधित करेंगे राहुल गांधी वही 16 के तेलांगना राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का भी दौरा हो सकता हे प्रस्तावित अब बस्तर सांसद चुनाव हुआ दिलचस्प मुकाबला क्योंकि दोनों ही पार्टी अपना दम लगाते हुए नजर आ रहि है अब देखना होगा जनता पर नेताओ का दौरा कितना होता हैं असर।



**जगदलपुर 12 अप्रैल। कांग्रेस भवन में धनेन्द्र साहू का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत।**

# अंबेडकर जयंती को उत्सव के रूप में मनाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 12 अप्रैल।** को डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय कांकेर मे भव्य समारोह का आयोजन डॉ बाबा साहेब अंबेडकर स्मारक समिति द्वारा किया जा रहा है। यह उत्सव वर्ष 1990 से लगातार समिति के द्वारा मनाया जाता है। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी विश्व धरोहर, भारत रत्न एवं देश की आत्मा यानी भारतीय संविधान के निर्माता हैं, उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिको खासकर महिलाओ एवं बहुसंख्यक समाज को समानता का अधिकार दिया है। समिति के अध्यक्ष श्री कौशल किशोर उके ने कहा इस बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर कांकेर जिले के समस्त नागरिको से अपील करता हु कि आइये हम सब मिलकर महा मानव डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयन्ती पर भव्य उत्सव मनाये तथा इस दिन अपने-अपने घरो से निकलकर जयन्ती महोत्सव में सम्मिलित होवे। मंच चाहे जो भी हो या मंच ना भी हो तो भी अपने अपने घरो, मोहल्लों, गाव, शहर मे



इस दिन डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी को याद करे। हम ( एसटी/एससी/ ओबीसी ) वास्तविक रूप से एक है, हम देश के मूलनिवासी है।

दिनांक 13.04.2024 सांस्कृतिक आयोजन रखा गया है साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, बाबा साहेब जी की जीवनी पर छात्र छात्राओं के द्वारा वैकल्पिक परीक्षा अन्नपुर्णापारा कृषि उपज मंडी कांकेर में सुबह 11: 00 बजे से सभी उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई है.. प्रतियोगिता हेतु दिशा निर्देश के लिए संयोजक बनाया गया है जिनसे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित प्रतियोगिता संयोजक से संपर्क किया जा सकता जिसमें श्रीमती वंदना वैद मो. 7024712939 श्रीमती पूर्णिमा गटकरी मो. 6260353740 श्रीमती सुशीला गड़पाले मो. 8839166095 श्रीमती दुर्गा नायक मो. 9406165425 प्रतियोगिता में भाग लेने सम्पर्क किया जा सकता है। वही विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तक पुरुष्कृत किया जायेगा इसी प्रकार 14.04.2024 डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सामुदायिक भवन सुभाष वार्ड से सुबह 9ः00 बजे से भव्य बाइक रैली से नगर भ्रमण एवं शाम 4ः00 बजे से शोभा यात्रा के बाद कोठारी पेट्रोल पंप स्टेट बैंक के पास डॉ. अंबेडकर प्रतिमा में शाम 7ः00 बजे से सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें बौद्ध समाज के सेवानिर्वित कर्मचारी अधिकारी जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए बेहतर कार्य किया गया उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

# हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि पर जिला मुख्यालय में निकाली गई बाइक रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 12 अप्रैल।** हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या सुकमा जिला मुख्यालय में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस बाईक रैली में सर्व हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वही इस विशाल बाइक रैली में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। सोमवार बाईक रैली जिला मुख्यालय स्थित राजवाड़ा माता मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बजार पारा रोड से होते हुए शबरी सीआरपीएफ केम्प होते हुए नाकापारा से विश्वकर्मा मंदिर चौक मुख्य मार्ग होते हुए दन्तेवाड़ा चौक से सोढी पारा रोड़ से होते हुए वापिस जगदलपुर रोड़ से सम्राट नगर होकर एसबीआई बैंक होते हुए मुख्य सड़क होते हुए पावारास रोड होते हुए पावारास चौक होते हुए कुम्हाररास होते हुए वापस राजवाड़ा होते हुए मलकानगिरी चौक से होकर श्री राम मंदिर संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के लोग भगवा ध्वज लेकर बाइक रैली में शामिल हुए। इस दौरान सुकमा शहर भगवा रंग से रंग गया और चारों ओर जय श्रीराम के जय करों से गूंज उठा। इस बाईक रैली में ऋषभ गुप्ता, श्रवण गुप्ता, नपा अध्यक्ष राजू साहू, पंकज सोलंकी, ठाकुर, संजय सिंह, दीपिका शोरी, महावीर सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता व महिला मंडली के सदस्य शीतल नर्मदा, अनिता नामदेव, लक्ष्मी यादव, सत्यभामा, सरिता, सरस्वती मौजूद थे। सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हुए थे। वही इस दौरान चौक चौराहा पर सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस व सीआरपीएफ जवान तैनात थे। बाइक रैली के आयोजन के साथ ही पूरा शहर भगवा में रंग रंग से सराबोर हो चुका था, सर्व हिंदू समाज के सदस्यों के द्वारा एक दिन पूर्व ही शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर भगवा ध्वज लगाकर नववर्ष मनाने की तैयारियां की थी, जब शहर के विभिन्न ने स्थानों से रैली गुजरते हुए आगे बढ़ी तो इस दौरान पूरा शहर भगवा में रंग में रंग से सराबोर था, और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। वह इस दौरान सभी लोगों नया वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला मुख्यालय स्थित राजवाड़ा शीतला माता मंदिर से बाइक रैली का शुरुआत हुई। इसी के साथ शहर के मुख्य नगर सड़क से होते हुए, राम मंदिर में बाइक रैली का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु जनों शमिला हुए थे।

एक नजर

### जंगल में हाथी देख बाइक छोड़कर भागे ग्रामीण,मुख्य मार्ग हुआ जाम



**रायगढ़, 12 अप्रैल।** वनमंडल धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत सरिया नाला के ऊपर मुख्यमार्ग किनारे गुरूवार की शाम करीब 5 बजे हाथियों की हलचल से मुख्य मार्ग बंद सा हो गया सड़क के दोनों छोर में जाम की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार की शाम करीब 5 बजे उस वक्त मुख्यमार्ग सरियानाला के ऊपर 368 कक्ष क्रमांक के जंगल किनारे सड़क में भागमभाग की स्थिति देखी गई उसी बीच दो बाईक सवार अपनी मोटरसाइकल उसी जंगल के अंदर छोड़कर जैसे तैसे जान बचाकर भागने में कामयाब हो गए। जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो माहौल और गड़बड़ा गया और लोग डरने लगे इसी बीच सूचना पर मौके पर पहुंची वन अमला की टीम व हाथी मित्रदल और संबंधित चैकीदार सड़क में तैनात गए होकर और लोगो को समझाइस देने लगे। ताकि हाथी से किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो और लोग सुरक्षित मार्ग से आवाजाही कर सकें।धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत मुख्य मार्ग 368 कक्ष क्रमांक जंगल मे क्रोन्धा निवासी दो बाईक सवार बड़ी मुश्किल से जान बचाकर जंगल से निकले हैं उनका कहना है, क्रोन्धा चैक में मौजूद चेक पोस्ट की वजह से डरकर हम जंगल रास्ता अपना रहे थे तभी हाथियों के दल से सामना हो गया जैसे ही यह खबर सड़क में आई उसके बाद वहाँ जबरदस्त भय का माहौल बन गया सड़क के दोनों छोर में लोग थम से गए वहीं चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर बनाए गए चेक पोस्ट में मौजूद हाथी मित्रदल व निरीक्षण में तैनात पुलिस कर्मी और कर्मचारी भी सख्ते में आ गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी ही गई जिन्हें मौजूद कर्मचारी व चैकीदारों द्वारा समझाइस दिया जाने लगा ताकि हाथी से किसी भी तरह की अनहोनी घटना न हो। बहरहाल देर शाम बाद हाथियो के लोकेशन से संतुष्ट होने के बाद सड़क में रुके राहगीरों को शांतिपूर्ण ढंग से रवाना किया गया। बताया जा रहा है अभी भी हाथियों का दल उसी जंगल के आस पास विचरण कर रहे हैं जो कह सकते हैं कहीं न कहीं प्रभावित क्षेत्रवासियों के लिए खतरे की घंटी है।

### 30 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ली 7 मई को मतदान की शपथ




**रायगढ़, 12 अप्रैल।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' के तहत जिले के 30 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जिले के सात जनपद पंचायत में शपथ ग्रहण के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए श्रमिकों ने भाग लिया और उन्होंने इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली। इसी कड़ी में 549 ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल पर महिला, पुरूष एवं युवा श्रमिकों सहित ग्रामीणों ने मतदाता जागरूकता के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। साथ ही अपने परिवार व आस-पास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। जिसमें जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में 5070, जनपद पंचायत घरघोड़ा में 3266, जनपद पंचायत खरसिया में 5691, जनपद पंचायत लैलूंगा में 4471, जनपद पंचायत पुसौर में 5318, जनपद पंचायत रायगढ़ में 2993, जनपद पंचायत तमनार में 3259 श्रमिक शामिल हुए।

### ईव्हीएम मशीन की कमीशनिंग के संबंध में अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**मोहला 12 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत ईव्हीएम मशीन की कमीशनिंग के संबंध में आज कलेक्टर सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, समस्त सेक्टर अधिकारी, समस्त जोनल अधिकारी, इस कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारियों को ईव्हीएम मशीनों के कमीशनिंग करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन में अभ्यर्थियों की प्रतीक चिन्ह के साथ नाम वाली पर्ची को संलग्न करने, मशीन में टैग लगाने, लॉक करने से संबंधित विहित प्रक्रिया की भलीभांति जानकारी दी गई।

### अधिकारी और तस्करों की मिलीभगत से दिन दहाड़े तौरेंगा जंगल से बोल्डर पत्थरों की तस्करी

# चोरों के दिन बहुर रहे , हो रहे हैं मालामाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम-पाण्डुका, 12 अप्रैल।** एडीबी प्रोजेक्ट के तहत पांडुका के चारों धाम चौक से लेकर मुंडागांव तक करोड़ों रुपए का सड़क निर्माण का कार्य लगभग पिछले पांच साल से धीमी गति से चल रहा है इसी बीच इस सड़क निर्माण में लगने वाले मिट्टी मुरूम व बोल्डर पत्थर की जुगाड़ से सड़क का निर्माण हो रहा है पिछले कुछ सालों से निर्माण कंपनी द्वारा गांव के तालाबों किसानों के वन अधिकार पट्टा के खेतों या फिर कोतवाल की सेवा भूमि की जमीन सहित किसानो के लगानी जमीनों से लाखो ट्रिप मुरम ,मिट्टी निकालकर पूरा सड़क निर्माण में खपाया गया है इसी तरह इन दिनों पांडुका वन परिक्षेत्र के सांकरा और तौरेंगा बीट के तौरेंगा जलाशय सहित जतमई मंदिर वा सड़क किनारों के आसपास भारी मात्रा में सड़क निर्माण से खोद कर निकले गए पत्थरों की तोड़ाई चल रही है निर्माण कंपनी द्वारा बिना किसी अनुमति की यह तोड़ाई किसके संरक्षण में चल रहा है यह तो सबको भली भांति पता है। पर संबंधित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी



भी इस पर चुप्पी साधे बैठे हैं तो इससे सांठ गांठ होने का बदबू उठना लाजमी है बता दे की निर्माण कंपनी द्वारा जुगाड़ से सड़क में इस तरह मुरूम मिट्टी और पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे सरकार को लाखों रुपए की राजस्व की हानि अब तक हो चुकी है। ना तो इस पर राजस्व विभाग कोई कार्रवाई कर पा रहा है और ना ही खनिज विभाग और ना ही वन विभाग जिस वजह से यहां के कर्मचारियों के हौसले बुलंद है कार्यों के गुणवत्ता का तो पता नहीं पर मटेरियल की जुगाड़ से लगभग करोड़ से बनने वाले सड़क निर्माण पूरा हो रहा है ऐसे में क्या वन विभाग के संरक्षण में इस बोल्डर की तुड़ाई हो रही है । कोई न कोई ये सब जुगाड़ कर रुपया का शासन को चुना लगा रहा ये बात अलग थी कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब कोई रोकने टोकने वाला नहीं था अब जब भाजपा की सरकार आ गई है तब भी या अवैध मिट्टी मुरूम और बोल्डर का काम निरंतर जारी है तो क्या इन्हें रोकने के लिए क्या कदम उठाएगी है ।आखिर इनको इतना संरक्षण कहा से प्राप्त है । कि उन्हें नियम कानून की जरा भी परवाह ही नहीं तो वही वन विभाग के कर्मचारियों ने अपने आलाधिकारियों को यह अवगत कराया है की नहीं ये तो वही जाने पर निर्माण कंपनी की तरबदारी से समझ आ जाता है। कायदे की बात की जाए तो वन विभाग की जंगलों के बीच सड़क निर्माण का ठेका सड़क निर्माण करने के का मिला है न की उसके मटेरियल का उपयोग करने का,, इस प्रकार कोई कार्रवाई नही होना विभागीय अधिकारियों की संरक्षण प्राप्त होगा तभी बेखौफ लाखो की संख्या में सड़क किनारे पत्थर टूटे हुए हैं जिसका उपयोग धडल्ले से सड़क निर्माण में हो रहा है।सूत्रों की माने तो वन विभाग के संरक्षण में छोटे कर्मचारियों की बल्ले बल्ले हैं।

## जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**महासमुन्द ।** 11 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जी का कोसरंगी कार्यक्रम जाने के पूर्व जिला भाजपा कार्यालय आगमन हुआ । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के साथ सांसद चुन्नीलाल साहू,विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल,पूर्व राज्यमन्त्री पूनम चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा,कार्यकारी जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा आदि ने भारतमाता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया । उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनावो में हम कार्यकर्ताओ के साथ पूरे देश प्रदेश की जनता में प्रधानमंत्री मोदी जी को पुनः




तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने अपार जनसमर्थन की लहर दिख रही है । प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल में जनहित के लिए जो योजनाएं बनी और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतहासिक कार्य हुए है उनको लेकर हम सबको जनता के बीच सतत जनसंपर्क करना होगा । भारत देश की दशा और दिशा मोदी के कार्यकाल की योजनाओ ने बदली और सभी का विश्वास है कि भारत सम्पूर्ण विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा तो वो मोदी जी के नेतृत्व में ही होगा । अरुण साव ने कार्यकर्ताओं से बूथ मैनेजमेंट को सबसे आवश्यक बताते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर सर्वाधिक लीड हम सभी का संकल्प होना चाहिये । अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद की राजनीति करने की बात कहते हुए कहा इस समय कांग्रेस के पास न नेतृत्व है न नीति है नीयत है । मुद्दाविहीन कांग्रेस और विरोधी दलों के पास राष्ट के विकास का विरोध के सिवाय कोई और काम नही है । राष्टभक्त देशवासियों के साथ अपने कार्यकर्ताओ के दम पर राष्ट और जनहित में समर्पित भाजपा,अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करने के संकल्प के साथ इस चुनावी मैदान में है । आप सभी अपने लोकसभा की स्थानीय भाजपा प्रत्यासी श्रीमती रूपकुंमारी चौधरीं जी को ऐतहासिक मतों से जिताने का संकल्प लेकर मतदान होते तंक तनमन से एक जुट होकर अपने कार्यक्षेत्र में जूटे रहिये भाजपा प्रत्यासी की विजय सुनिश्चित हो जाएगी । बैठक कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली आभार महामंत्री प्रकाश शर्मा ने किया । इस अवसर पर भाजपा के जिला मण्डल मोर्चा प्रकोष्ठ और शक्तिकेन्द्र बूथ समिति के सदस्य,जनप्रतिनिधिगण, और भाजपा के सभी प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक रूप से चला मतदाता जागरूकता अभियान




**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर बीजापुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने, व्यापक स्तर पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, क्रिकेट, प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष, निबंध, स्लोगन, रंगोली, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से जन-जागरूकता लाने मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने। प्रत्येक वोट के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।उक्त प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुरूस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता के अर्न्तगत महिला वर्ग में प्रथम स्थान बीजापुर कालेज-11, द्वितीय स्थान भैरमगढ़, पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान आवापल्ली, द्वितीय स्थान बीजापुर ने प्राप्त किया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोपालपनम के कुमारी डिम्पी पटेल, द्वितीय स्थान कुमारी कल्पना भैरमगढ़, तृतीय स्थान पर बीजापुर की संगीता कुड़ियम रही।स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैष्णवी वासम द्वितीय स्थान कुमारी डिम्पी पटेल एवं तृतीय स्थान पर यथार्थ समददार रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षिता तलाण्डी, द्वितीय स्थान पर वैशाली सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर प्रेरणा चापा को पुरूस्कार मिला। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी अर्चना प्रजापति एवं कुमारी गीतांजली भास्कर द्वितीय स्थान पर रही।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी निभाने वाले समस्त प्रतिभागियों को लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया और जिले में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके, उप संचालक श्री गीत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



### माँ खल्लारी मंदिर में 188 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित

**राजिम, 12 अप्रैल।** समीपस्थ ग्राम परसदा, सोंठ एवं उमरपोटी खार में विराजित माता खल्लारी मंदिर में 188 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की गई है

## निर्वाचन में महिला अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन को मिलेगा बल: कलेक्टर

**महासमुंद 12 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन में इस बार लगभग 1000 महिला मतदान अधिकारी निर्वाचन संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। उन्हें इस बाबत विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के चारों विधानसभा में 950 महिला अधिकारियों को आज महासमुंद, बागबाहरा, बसना, पिथौरा और सरायपाली में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग सभी मतदाताओं के अधिकार को सुनिश्चित करता है।इस तरह निर्वाचन की प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र और समान भागीदारी के लिए भी प्रेरित करता है। जिले में आज करीब 950 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। महिला अधिकारियों द्वारा जिले में 85 मतदान केंद्रों में मतदान संपन्न कराने की प्रक्रिया संभालेंगे। यहां पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल अधिकारी 1,2,3 सभी महिलाएं होंगी। इसी तरह करीब 120 मतदान केंद्रों में दो महिला अधिकारी होंगी। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि महिलाएं हर कार्य को लगन और ईमानदारी के साथ पूर्ण करती हैं। निर्वाचन में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्हें विश्वास है कि वे सफल निर्वाचन सम्पन्न कराएंगे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने आज वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महासमुंद में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जिले के महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली, बसना एवं पिथौरा विकासखंडों में महिला पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी को सुचारू और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## चार दिनों से केवल बेड पर रखा, नहीं किया इलाज

### एक्सीडेंट के बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल हुई थीं महिलाएं,गुरुवार को बुर्ला ले गए परिजन

**रायगढ़, 12 अप्रैल।** रायगढ़ जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल मील का पत्थर साबित होता। गरीबों के इलाज के लिए सारी सुविधाएं यहीं मिलतीं, लेकिन यह अब मरीजों के लिए नासूर बन चुका है। पहले तो समय पर डॉक्टर नहीं मिलते। उस पर से स्टाफकी बदतमीजी। एक महिला को चार दिन से हॉस्पिटल में रखा गया था लेकिन किसी डॉक्टर ने टेस्ट रिपोर्ट ही नहीं देखा। गुरुवार को परिजन उसको लेकर बुर्ला चले गए। गरीबों के लिए वरदान माने जाने के बजाय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की छवि अब धूमिल होती जा रही है। सही समय पर इलाज होने के बजाय लेटलतीफी और लापरवाही के कारण इसे जाना जाने लगा है। खरसिया क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद महिला जमुना बाई



प्रधान को सोमवार को यहां भर्ती कराया गया था। सर्जरी वार्ड में एडमिट कराने के बाद डॉक्टर ने सीटी स्कैन, एक्सरे समेत कई टेस्ट करवाए। लेकिन गुरुवार तक कोई भी डॉक्टर जांच करने नहीं पहुंचा। महिला को चेहरे परए कमर में और पैर में चोट आई थी। तमाम रिपोर्ट आने के बावजूद केवल बॉटल चढ़ाकर इलाज हो रहा था। रिपोर्ट को देखने कोई डॉक्टर नहीं आया तो परिजनों का सब्र जवाब दे गया। उन्होंने गुरुवार को वहां मौजूद स्टाफको इलाज के लिए कहा।

परिजनों का कहना था कि चार दिन से बिना इलाज के महिला को बेड पर सुलाकर रखा गया था। अगर हालत बिगड़ गई तो कौन जिम्मेदार होगा। इस पर वार्ड का स्टॉफ बदतमीजी पर उतर आया। परिजनों ने दूसरे अस्पताल ले जाने की इच्छा जताई तो स्टाफने भी ले जाने को कह दिया। मजबूरन परिजनों ने महिला को बुर्ला हॉस्पिटल में ले जाकर भर्ती कराया है। दरअसल विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण अस्पताल खुद बीमार होने लगा है।

#### इतने बड़े अस्पताल का क्या औचित्य

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जरूरी टेस्ट की मशीनें तो हैं लेकिन इन्हें चलाने के लिए कोई नहीं है। सोनोग्राफी, एक्सरे, सीटी स्कैन जैसे महंगे टेस्ट गरीब मरीजों को बाहर से कराने पड़ते हैं। डॉक्टरों की उपलब्धता भी इसी तरह ही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पूरा इलाज होने के बजाय अधूरा इलाज हो रहा है।

### पुलिस पर फायरिंग एवं ब्लास्ट करने की घटना में शामिल 1 लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष सहित 2 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना तर्रेम से जिला बल, कैम्प पेगड़ापल्ली से कोबरा 210, केरिपु 168 की संयुक्त टीम बुड़गीचेरू, गुण्डम की ओर माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।



सुरक्षा बलों के द्वारा बुड़गीचेरू और गुंडम के मध्य जंगलों से 02 माओवादियों को पकड़ा गया । 1.हेमला हुंगा(डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता पोज्जा जाति मुरिया उम्र 41 वर्ष निवासी नयापारा बुड़गीचेरू थाना तर्रेम जिला बीजापुर 2 पूनेम बुधरू आईईडी एक्सपर्ट एवं कृषि शाखा अध्यक्ष)पिता मासा जाति मुरिया उम्र 40 मेटापारा बुड़गीचेरू थाना तर्रेम जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादी दिनांक 19.04.2022 को पेगड़ापल्ली के जंगलों में पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं ब्लास्ट करने की घटना में शामिल थे । छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण और पुर्नवास नीति के तहत डीएकेएमएस अध्यक्ष पर 01 लाख का इनाम है घोषित। उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

### बीजादूतीर स्वयंसेवकों की वोट के महत्व को बताने में महत्वपूर्ण भूमिका



**बीजापुर, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार बीजापुर जिला के चारों विकासखंड भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर में लोकसभा चुनाव को लेकर व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी कड़ी में जिलें के युवा शक्ति बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गांव-गांव में जाकर मतदाता जागरूकता हेतु ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं साथ ही गांव में दीवार पर नारा लेखन के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं की बीजादूतीर स्वयं सेवकों के सहयोग से ग्राम पंचायतों में सामुदायिक जागरूकता, गृह भेंट, रंगोली, दीवार लेखन, नारा, रैली, मेगा फोन से प्रचार-प्रसार इत्यादि के माध्यम से हिंदी भाषा के अलावा हल्बी व गोंडी में जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने घर से निकल कर आगामी लोकसभा चुनाव पर मतदान के दिन 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर शत प्रतिशत मतदान करें। इस प्रयास में बीजादूतीर स्वयं सेवकों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

## नामांकन प्रक्रिया से पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर गोयल ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रायगढ़, 12 अप्रैल।** कलेक्टर एवं रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल आज कलेक्ट्रेट में 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले लोक सभा निर्वाचन अन्तर्गत नामांकन प्रक्रिया की व्यवस्था को लेकर मॉक ड्रिल किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश मरकाम सहित अन्य राजस्व, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल एवं एसपी श्री पटेल ने अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु जिला न्यायालय से लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष से 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही आरओ/एसएआरओ के कक्ष में इच्छुक अभ्यर्थी के साथ अधिकतम केवल 4 व्यक्ति की प्रवेश कर सकते हैं। जिसके लिए उन्होंने मुख्य गेट से



लेकर आरओ कक्ष में सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने एवं बेरीकेडिंग के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने कॉरिडोर में आवागमन हेतु व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोकसभा क्षेत्र क्रमाक-2 रायगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष क्रमांक 2 में पहुंचे। उन्होंने आरओ कक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी से उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से अभ्यर्थियों के निर्देशन पत्र प्राप्ति, वापसी पंजी, जाति, निवास, शपथ पत्र जैसे सभी दस्तावेजों की जांच चेक लिस्ट अनुसार क्रमानुसार से जांच करने के निर्देश दिए, ताकि कही भी गलती न हो। यहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने सी-विजिल कक्ष के निरीक्षण करते हुए विधानसभावार सी-विजिल में प्राप्त शिकायतों के साथ लॉगिंग एवं की गई कार्यवाही की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ऐसे पोस्टर और बैनर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिसमें मुद्रक एवं प्रकाशक की जानकारी अंकित न हो। इसी प्रकार उन्होंने आचार संहिता उल्लंघन एवं निर्वाचन से संबंधित शिकायत हेतु स्थापित कक्ष में टोल फ्री नंबर 1950 में आए शिकायत पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कंट्रोल रूम एवं पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं किए गए कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, तहसीलदार श्री लोमस मिरी, नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मिशन मुस्कान के तहत गुम इंसान का किया गया दस्तयाब

**बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम व गुम इंसान पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 115/2022 धारा 363 भादवि के गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 12 फरवरी 2022 को गुमशुदा अपने घर में माता पिता के साथ रही रही थी, जिसे काम करने बोलने एवं पढाई लिखाई करने कहने पर नाराज होकर अपने बडी मां के घर कसडोल में जाकर रहने लगी और मेरे बडी मां को बोली कि मेरे घर में मत बताना कि मै कसडोल आयी हूं कहकर तब गुमशुदा के माता पिता का फोन आने पर इसकी बडी मां घर में नही आई है बोली अपने बडी मां के घर 03-04 हफ्ते तक रही, फिर बडी मां और बडे पापा के साथ मजदुरी का काम करने के लिये हैदराबाद चली गई थी, वहां मजदुरी का काम करती थी। बालिक होने के पश्चात काम करते करते शंकर नाम के लडके से प्रेम प्रसंग होने पर अगस्त 2023 में महामाया मंदिर में शादी कर पति-पत्नि के रूप में एक साथ रह रहे थे। जिसकी लगातार पतासाजी करने पर गुम इंसान को हैदराबाद में होना पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली लाकर बरामदगी शुमार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर.बृजपाल कंवर, आर अशोक साहू एवं महिला आर. मंजु वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा का पता लगाकर परिजन को किया सुपुर्द

**बलौदाबाजार, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम व गुम इंसान पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 730/2018 धारा 363 भादवि के गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 25 नवम्बर को गुमशुदा अपने मौसा -मौसी के घर में रहती थी जिसे काम करने बोलने पर नाराज होकर अकेले 24 नवम्बर को शाम 04/00 बजे बस में बैठकर रायपुर जाकर ट्रेन से सिकंदराबाद चली गई वहां हाउसा काली मंदिर में जाकर रहने लगी मंदिर में रहकर रोजी मजदुरी का काम करती थी जो सन 2023 में लवन का रहने वाला नितिन रजक से मेल मिलाप तथा प्रेम प्रसंग होने पर जुलाई 2023 में हाउसा काली मंदिर में शादी कर पति-पत्नि के रूप में एक साथ रह रहे थे। जिसकी लगातार पता साजी करने पर गुम इंसान को सिकंदराबाद में होने पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार लाकर बरामदगी शुमार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर. देवेन्द्र देवांगन, आर अशोक साहू एवं महिला आर. मंजु वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### हार के डर से बौखलाए कांग्रेसी मोदी के खिलाफ दे रहे अनर्गल बयान : कौशिक

**कोरबा 12 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी कोरबा विधानसभा कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कोरबा लोकसभा के प्रभारी श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कांग्रेस के नेता हार के डर से बौखला गए हैं इसी कारण उनके नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री को मांरने पीटने की बात कर रहे हैं, कांग्रेसी ये समझ लें कि भारतीय जनता पार्टी भी कमजोर नही है, कांग्रेसी प्रधानमंत्री के लिए जितनी भी गलत बयान बाजी करेंगे उनको इसका जवाब चुनाव में जनता देगी। धरम लाल कौशिक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस के नेताओं द्वारा अमर्यादित बयान आ रहे हैं, जो किसी गंभीर साजिश की तरफइशारा कर रहे हैं. बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने भी बीते दिनों कहा कि कवासी जीतेगा- मोदी मरेगा. क्या यही सभ्यता है कांग्रेस की। कवासी लखमा झीरम कांड को लेकर भी चर्चित रहे हैं, इसी तरह अनेक मामलों में संदिग्ध रहे हैं। झीरम का सबूत भूपेश बघेल भी अपने जेब में होने की बात करते रहे हैं, जिन्होंने आजतक साक्ष्य प्रस्तुत नही किया? इससे पहले भी राजनांदगाव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष (पूर्व स्पीकर) चरणदास महंत ने कहा लाठी से मोदी का सर फोड़ दे, ऐसा सांसद चाहिए। शिव (डहरिया) केवल गाली दे सकते हैं मोदी को, जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं. गलत बयान बाजी कर जनता को गलत राह पर ले जाना यही कांग्रेस की चाल है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री श्री ओपी चैधरी ने कहा की कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है जिस डूबते हुए जहाज से जितने लोगों से संभव हो पा रहा है वह निकाल के भाग रहे हैं और जितने लोग बचे रह गए हैं।

# कलेक्टर ने ट्रैक्टर चलाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## पहली बार ट्रैक्टर महारैली का आयोजन, रैली में विभिन्न झांकियां रहीं आर्कषण का केंद्र, 25 किलोमीटर की दूरी को 51 ट्रैक्टरों ने की पूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में पहली बार ट्रैक्टर महारैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 किलोमीटर मार्ग को 51 ट्रैक्टरों के माध्यम से पूरी की गई। महारैली के उत्साह को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए सशक्त संदेश देने के लिए स्वयं कलेक्टर के एल चौहान ने ट्रैक्टर की स्टेरिंग को संभाला और खुद ट्रैक्टर चलाते हुए पूरी रैली का नेतृत्व किया।कलेक्टर को ट्रैक्टर चलाते देख बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, ग्रामीण, नगरवासी एवं आधिकारी कर्मचारी भी दंग रह गए। एक ओर जहां कलेक्टर चौहान ट्रैक्टर चला रहे थे वही दूसरी तरफ ट्रैक्टर में दो वरिष्ठ महिला अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल एवं एसडीओपी निधी नाग पुरे रैली भर उनके साथ बैठे रही जो की काबिले तारीफ़ थी। इस रैली में स्कूली किसान, छात्र, छात्राएं,




शिक्षक, आमजन, ग्रामीण, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत किए। रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित झाकियां भी तैयार की गई है जो की आकर्षण का केंद्र रहा। झाकियों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदिवासी नृत्य एवं गीत, महिला बाल विकास विभाग द्वारा नव विवाहिता वधु, कृषि विभाग द्वारा सेल्फी जोन, एनाईसी द्वारा चुनाव संबधित विभिन्न एप्लिकेशन की जानकारियां, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्काउट गाइड के द्वारा आदर्श मतदान केंद्रों में सहयोग, वन विभाग द्वारा वन्य जीव एवं बार अभ्यारण्य सहित अन्य शामिल रहा।इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। ट्रैक्टर रैली जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर से प्रारंभ होकर, गौरव पथ, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक होते हुए लवन रोड की तरफ पनगांव बाय पास, से सकरी बाय पास होते हुए पुनः अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, गार्डन चौक, जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए कलेक्टोरेट चौक से स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुआ। इस मौके पर अपर कलेक्टर दिप्ती गोते, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीओपी निधी नाग, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टिकवेंद्र जाटवार, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बालोद पुलिस की अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई, पांच चोरियों का खुलासा

# आरोपियों सहित चोरी का माल खरीदने वाला सोनार गिरफ्तार

- चोरी के सात लाख रूपये के सोने, चांदी के जेवर, नगदी रकम के साथ आरोपी चढ़ा हत्थे
- आरोपी रफ़त और उसके साथियों पर तेलंगाना, देहरादून, लखनऊ, नासिक, अजमेर एवं अन्य राज्यों में दर्ज हैं कई मामले



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 12 अप्रैल।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक बालोद, एस आर भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना बालोद के अपराध क्रमांक 193/2024 धारा 457, 380, 411 भादवि के अज्ञात आरोपियों के पतासाजी हेतु थाना बालोद एवं सायबर सेल से विषेष टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मुम्बई महाष्ट्र और बदांयू उत्तरप्रदेष जाकर प्रकरण में 02 आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी के मषरूका करीबन 545000/- रूपये के सोने, चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम 90, 000/- एवं घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल किमती 45000, मोबाईल फोन 03 नग कुल जुमला 700000 (सात लाख) के साथ बालोद पुलिस की 02 टीमों के द्वारा सात दिन मुम्बई और बदांयू यूपी में कैम्प करने के बाद मिली सफलता।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी डॉ ताम्रध्वज देवांगन पशु चिकित्सक अधिकारी निवासी बूढ़ापारा बालोद ने 23 मार्च को थाना बालोद आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 22/23 मार्च 2023 की दरम्यिानी रात उनके मकान में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें प्रवेश कर अंदर रखे आलमारी के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे सोने, चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 193/2024 धारा 457, 380, 411 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

विवेचना के दौरान घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग व पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देषन में एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में थाना प्रभारी बालोद व सायबर सेल बालोद के हमराह में थाना बालोद और सायबर सेल से विषेष टीम गठित किया गया। इस दौरान टीम के द्वारा बूढ़ापारा बालोद में जाकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विषेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्यो के माध्यम से महत्वपूर्ण मास्टर प्लान तैयार कर टीम के द्वारा अलग अलग क्षेत्रो में जाकर वहां से आरोपियो के संबध में आस-पास के लॉज, ढाबा को चेक किया गया। घटना स्थल के आसपास के किरायेदारों की जानकारी एकत्र कर तस्दीक किया गया। त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज देखने में विषेष सहयोग मिला। सीसीटीवी में एक मोटर सायकल में 02 संदिग्ध व्यक्तियों का होना पाया गया, जिसका आस-पास के सीसीटीवी फुटेज में बारिकी से अवलोकन कर संदेहियों के आने जाने का रूट तय कर उस दिशा में काम कर टीम द्वारा जिला बालोद से राजनांदगांव, कर्वधा, गोदिंया, नागपुर, सावनेर, मुम्बई महाराष्ट्र के हजारों सीसीटीवी फुटेज को बारिकी से एनालिसिस कर एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के संबध जानकारी प्राप्त हुई कि वह मुम्बई में है मूलतः बदांयू उ0प्र0 का है। जानकारी के आधार पर 02 टीम बनाकर एक टीम मुम्बई और दूसरी टीम बदांयू उ0प्र0 की ओर रवाना हुई टीम द्वारा मुम्बई जाकर वहां पर कैम्प कर स्थानिय पुलिस से संपर्क कर गोरेगांव मुम्बई क्षेत्र में बदांयू उ0प्र0 के कुछ लोग फल बेचने की सूचना मिली जिस पर बालोद पुलिस उसके रूकने के स्थान के आसपास हाथ ठेला 30 रू प्रति दिन के हिसाब से किराये पर लेकर वहां फल बेचने का काम कर वंहा रेकी कर आरोपी रफत अली के संबध महत्वपूर्ण जानकारी मिली आरोपी रफत का मुम्बई में कोई स्थाई निवास नहीं था वह कहीं भी किसी के ठेला में सो जाता था। जिसें बालोद पुलिस टीम व मुम्बई पुलिस की टीम द्वारा रात में 100 से अधिक ठेला में सो रहे लोगों को चेक किया गया तो पता चला कि आरोपी रफत अली जो अपने मूल निवास ग्राम ककराला जिला बदांयू उ0प्र0 चला गया है। तत्काल सूचना पर बालोद पुलिस 1300 किलो मीटर दूर मुम्बई की टीम बदायू रवाना हुई, जहां बालोद से बदांयू के लिए निकली टीम आपस में संपर्क कर स्थानीय उ0प्र0 पुलिस की मदद से क्षेत्र में रेकी किये। आरोपी रफत अली के बारे में जानकारी मिली कि वह जुआ खेलने का आदि है। जो अपने गांव न आकर आस-पास क्षेत्र में बड़ी रकम लेकर जुआ खेल रहा है। सूचना के आधार पर बालोद पुलिस ने रात्रि में उसके घर के आसपास रेकी किया और आरोपी रफत अली को गांव की ओर आते देख उसे घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता मिली।

# स्कूल बस कंडक्टर ने नाबालिग छात्रा का अपहरण कर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 12 अप्रैल।** भखारा क्षेत्र की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को स्कूल बस कंडक्टर ने स्कूली छात्रा को उनके घर आते जाते वक्त अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर अपहरण कर 15 दिनों तक उससे दुष्कर्म करता रहा। भखारा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376 एवं पास्को एक्ट 4 8 (10) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार नाबालिग लड़की कक्षा नौवीं की छात्रा है। प्रतिदिन अपने गांव से बस से भखारा की प्राइवेट स्कूल आना जाना करती थी। इस बीच बस कंडक्टर अमन देशमुख पिता विजेन्द्र देशमुख ग्राम - कौही(रानीतराई) और नाबालिग युवती के बीच प्यार हो गया। कुछ दिनों बाद दोनों के बीच प्यार का परवान चढ़ने लगा तो युवक ने नाबालिग युवती का अपहरण कर फोन बंद कर लिया युवती को दुर्ग भिलाई में दुष्कर्म करने के बाद बिलासपुर में 15 दिनों तक दुष्कर्म किया।

नाबालिग युवती के परिजनों द्वारा युवती की घर से लापता होने की सूचना भखारा थाना में दी गई थी। जिस पर पुलिस ने नाबालिग युवती की अपहरण का मामला दर्ज कर पतासाजी शुरू किया।

भखारा पुलिस ने परिजनों के अनुसार अपहरणकर्ता युवक के ठिकानो में ढूंढा लेकिन युवक बार-बार ठिकाना बदलता रहा और पुलिस को घुमाता रहा पुलिस ने बताया कि युवक युवती के फोन बंद रखने के कारण आरोपी तक पहुंचना मुश्किल था। परंतु पुलिस की मेहनत रंग लाई और युवक और युवती को बिलापुर में बरामद किया गया भखारा थाना लाकर युवक युवती का बयान दर्ज किया गया। दोनों का मेडिकल चेकअप पश्चात युवती का धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के बाद युवक को अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर युवक को जेल भेज दिया गया।

### आंबेडकर जयंती पर विभिन्न झांकियों के साथ निकलेगी रैली : महिलांगे

**कोरबा 12 अप्रैल।** भारतीय संविधान के निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती का आयोजन 14 अप्रैल को घंटाघर ओपन थिएटर में संयुक्त आयोजन समिति सर्व समाज द्वारा किया जा रहा है। सामाजिक रैली और मंचीय कार्यक्रम के साथ दोपहर तीन बजे से आयोजन किया जाएगा। संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे ने तिलक भवन में पत्रवार्ता के दौरान कहा कि भारतीय संविधान के जनक डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन सभी समाज के द्वारा संयुक्त आयोजन समिति के माध्यम से किया जा रहा है। 14 अप्रैल को दोपहर तीन बजे बौद्ध विहार मुड़ापार से भीमराव अंबेडकर की झांकियों के साथ रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली मुड़ापार से होकर टीपी नगर होते हुए सीएसईबी चैक से होते हुए घंटाघर तक जाएगी जहां मंचीय कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी समाज के अध्यक्षों को अतिथि बनाया गया है। सभी अतिथियों के द्वारा संविधान निर्माता डा. अंबेडकर की जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान उपस्थित समाज के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने उद्बोधन दिए। पत्रवार्ता के दौरान मोहन सिंह प्रधान, प्यारेलाल चैधरी, नारायणलाल कुर्रे, प्रवीण पालिया, मोहनलाल श्रीवास, विजय राठौर, मनोज सोनी, गणेश बाम्बोले, गजानंद साहू, अजीत कैवर्त, आरपी खांडे उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्य अनिरूद्ध चंद्रा ने कहा कि सामाजिक हित में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आरडी भारद्वाज ने कहा कि आज शाम छह बजे बौद्ध विहार में बैठक रखा गया है, जिसमें सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### ईद पर नमाज अदा कर मांगी देश में अमन-चैन की दुआ



**तिल्दा-नेवरा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में ईद उल फितर ईद का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। हजारों की संख्या में लोग नमाज अदा करने नेवरा ईदगाह पहुंचे। यह मुख्य रूप से इस्लाम धर्म का त्यौहार है परंतु आज का त्यौहार को लगभग सभी धर्म के लोग मिलजुल कर मनाते हैं. इस पर्व से पहले शुरू होने वाले रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह रोजा (व्रत) रखते हैं, रमजान महीने में मुसलमान को रोजा रखना अनिवार्य है क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि इससे अल्लाह प्रसन्न होते हैं. हाफिज मोहम्मद अली अशरफी ने कहा कि यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है यह बताता है कि इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं को त्याग करना चाहिए जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके. साथ ही साथ सभी ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई. ईद उल फितर का निर्धारण एक दिन पहले चांद देखकर होता है. चांद दिखने के बाद उससे अगले दिन ईद मनाई जाती है. ईद एक महत्वपूर्ण त्यौहार है इसलिए इस दिन छुट्टी होती है. ईद के दौरान लोगों ने भाईचारे की संदेश के साथ ही एक दूसरे की तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़ने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलते नजर आए और ईद की मुबारक बात दी. इस दौरान रंग-बिरंगे कपड़ों में बच्चों की खुशी देखने लायक थी. मुस्लिम समाज के अलावा अन्य समाज के लोग इस मौके पर बधाई देने के लिए शामिल हुए. ईद की नमाज अदा करने के बाद देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

### अल्ट्राटेक बैकुंठ ने पेयजल संकट निवारण के लिए खरोरा नगर पंचायत को दिए पंप और पाइप



**तिल्दा-नेवरा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बढ़ती गर्मी और शहरों में बढ़ती जनसंख्या के कारण विगत कुछ वर्षों से पेयजल संकट गंभीर चिंता का विषय बना रहा है। इसी दिशा में कार्य करते हुए और संकट के निवारण हेतु अल्ट्राटेक बैकुंट सीमेंट वर्क्स के सी.एस.आर के द्वारा नगर पंचायत, खरोरा क्षेत्र में निवासरत नगरवासियों को नगरपंचायत के माध्यम से 9 सेट सबमर्सिबल पंप एवम 126 नग जी.आई. पाइप (प्रति नग 20 फीट) प्रदान किया गया। नगरपंचायत के इस बड़े पहल में हिस्सेदारी करने के लिए नगरपंचायत अधिकारी ने अल्ट्राटेक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह पेय जल सामग्री खरोरा में विद्यमान जल संकट से निवारण हेतु काफी सहायक होगी एवम नगरवासियों को इसका लाभ प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम में नगरपंचायत खरोरा से नगरपंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एच एस ठाकुर जी और अल्ट्राटेक से एस के दागा, राकेश सोपरा, सूरज यादव, राहुल देव और मुन्ना बर्मन उपस्थित थे।

### सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई झूलेलाल जयंती



**तिल्दा-नेवरा, 12 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इष्ट देवता वरुण अवतार सांई झूलेलाल का जन्मदिन चेट्रीचंड महोत्सव स्थानीय सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झूलेलाल मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज के लोग बड़ी संख्या में नए वस्त्र पहनकर मंदिर पहुंचे और पूजा - अर्चना कर सुख - शांति एवं समृद्धि की कामना की। जिसमे भाजपा कांग्रेस के कई नेता उपस्थित हुए। सिंधी कैंप में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सुनील सोनी, देवजी भाई पटेल, अनिल अग्रवाल, विकास सुखवानी सहित कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय, राम गिडलानी, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, शैलेष नितीन त्रिवेदी, उधो राम वर्मा, आदि उपस्थित हुए और इस भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर सभी को बधाई दिए, इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष छम्मन लाल, राम पंजवानी, डाक्टर ज्योति वाधवा, हीरानंद वाधवा, डाक्टर भोजराज मोहनानी, डाक्टर मुक्ता मोहनानी, राजेश सेतपाल, राजू भीखवानी, नंदू लालवानी, मोती ज्ञानचंदानी, किशोर सेतपाल, बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## अधिकारियों को दी गई वेबकास्टिंग की जानकारी

# 505 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के जरिए ऑनलाइन होगी मॉनिटरिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु अधिकारी- कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में वेबकास्टिंग से सम्बंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों को वेबकास्टिंग के सम्बंध में जरूरी निर्देश दिए। जिले के कुल 1009 मतदान केंद्र के 50 प्रतिशत अर्थात 505 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के जरिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। वेबकास्टिंग का पर्यवेक्षण भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली, रायपुर सहित जिला स्तर पर की जाएगी।

आयोग के द्वारा वेबकास्टिंग के लिए स्थल का चयन, वेबकास्टिंग की स्थापना, रिकार्डिंग, पर्यवेक्षण, कंट्रोल रूम की स्थापना, प्रशिक्षण आदि के सम्बंध में विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में 2 - 2 कैमरे लगाए जाएंगे जिसमें एक कैमरा मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित किये जाएंगे। इस कैमरे से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं की वेबकास्टिंग की जाएगी। दूसरा कैमरा मतदान केंद्र के अंदर वोटिंग बॉक्स के ठीक सामने इस तरह स्थापित किए जाएंगे जिससे वेबकास्टिंग में केवल मतदाता मतदान बॉक्स के अंदर मतदान करते दिखाई दे और ईवीएम मशीन न दिखाई दे। कैमरा मतदान के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक चालू रहेगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के दृश्यता वाले स्थानों पर आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं लिखा पोस्टर चस्पा किये जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से वेबकास्टिंग से सम्बंधित विभिन्न प्रक्रियाओं तथा सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।



## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर, 12 अप्रैल।** गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखविंदर सिंह 45 वर्ष मंगलवार को अपने साथी उजीतराम कुर्रे के साथ एक्टिवा में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास ट्रक क्रमांक एमएच 26 बीई 0637 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया। जिससे सुखविंदर और उजीतराम घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान सुखविंदर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 12 अप्रैल।** ग्राम बोडरा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने क युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार धृतलहरे 35 वर्ष ग्राम बोडरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मेघराज बंजारे व देवानंद ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 12 अप्रैल।** बीएसयूपी कालोनी कोटा में घर के पास गाड़ी खड़ी करने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी मनीष बागमारे 22 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सरिता साहू, राजेन्द्र साहू व मयंक साहू ने गाड़ी खड़ी करने की विवाद कर प्रार्थी से गाली-गलौज किया और उसके एक्टिवा वाहन में तोड़फोड़ कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से सरिता साहू 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ममता बागमारे, मनीष व मोनू कामडे ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किए और उसकी ई-रिक्सा का शीशा तोड़ दिए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 12 अप्रैल।** जायसवाल निको कंपनी गेट के पास सांकरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा सिंह 35 वर्ष एपीआई लेबर क्वार्टर सिलतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एमके 3898 में अपने दोस् श्रीचंद सिंह व महेश घासी के साथ सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी सांकरा के जायसवाल निको कंपनी गेट के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे कृष्णा सिंह की मौत हो गई। वहीं उसके दो दोस्त घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जुआ एवं सट्टा के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 12 अप्रैल।** राजेन्द्र नगर एवं डीडीनगर पुलिस ने जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 32480 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हीमालयन हाईट के पीछे शमशान घाट में दबिश देकर आरोपी रूपेन्द्र कुमार साहू 33 वर्ष, छोटे लाल साहू 40 वर्ष सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 30820 रुपए जब्त किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने विकाश विहार कालोनी कृष्णा अपार्टमेंट में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते आरोपी अनिल आहूजा 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल, सट्टा-पट्टी व नकदी 1660 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 12 अप्रैल।** गोलबाजार पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि शास्त्री बाजार स्थित पिंक टायलेट के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश गरूड़ 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# नेफेड को खामोशी से दिया जेल में अनाज आपूर्ति का ठेका

## ठेकेदार हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

**रायपुर 12 नवंबर।** राजधानी के सेंट्रल जेल सहित राज्य के तमाम कारागारों में कैदियों के लिए खाद्यान्न की सप्लाई में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। खाद्यान्न की आपूर्ति का काम खामोशी से केंद्रीय एजेंसी नेफेड को दे दिया गया है। ठेकेदार महेश आहूजा ने बताया कि सन् 2023-24 में केंद्रीय जेल रायपुर में नियमानुसार निर्वाह शाखा की निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में एमआर आहूजा एंड संस ने भाग लिया था। राहरदाल, चायपत्ती, वनस्पति घी एवं अन्य सामग्रियां पास की गई थी। आवेदक गत एक वर्ष से आपूर्ति करते आ रहा है। राज्यपाल के प्रतिनिधि के रूप में जेल अधीक्षक एवं महानिदेशक जेल के साथ आहूजा एंड संस का सौ रुपए के स्टाम्प पर करारनामा भी हुआ था। आगामी 30 जून 2024 अथवा नई निविदा लागू होने तक गत वर्ष की निविदा लागू रहनी चाहिए थी। वर्ष 2024-25 के लिए 22 मार्च 2024 को नई निविदा का प्रकाशन हुआ था लेकिन आचार संहिता संहिता के चलते इसे रद्द कर दिया गया। आवेदक के फर्म की निविदा नई निविदा के जारी होने तक लागू रहेगी। जेल अधीक्षक व महानिदेशक जेल के हस्ताक्षर इस बात को प्रमाणित करते हैं। कारोबारियों को बिना सूचना दिए खाद्यान्न वस्तुओं की आपूर्ति का काम नेफेड को दे दिया गया। ठेकेदारों की निविदा अकारण निरस्त कर दी गई है। आहूजा ने निर्वाह शाखा के आपूर्ति आदेश को तीन दिनों के भीतर जारी करने की मांग की है ताकि कैदियों की भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। कारोबारियों ने हाईकोर्ट की शरण में जाने का निर्णय लिया है। आहूजा ने बताया कि राज्य भंडार क्रय नियम के तहत विज्ञापन जारी किए बिना खरीदी नहीं की जा सकती है। एक कारोबारी को उपकृत करने नियम कानून को ताक पर रखा गया है। वह नेफेड की अधिकृत सूची में इम्पैनल नहीं है। राज्य शासन के आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 में नियमानुसार निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना तथा नियम 4 के अनुसार बिना निविदा आमंत्रित किए सामग्री का क्रय विभिन्न सहकारी उपभोक्ता भण्डारों, केंद्रीय भण्डार, एनसीसीएफ या अन्य सहकारी संस्थाओं से किया जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना सामग्री क्रय करने में अनियमितता होती है। जिनके कारण आडिट आक्षेप तथा जांच के विषय बन जाते हैं। किसी भी सहकारी संस्थाओं, उपभोक्ता भण्डारों, केंद्रीय भण्डार, एनसीसीएफ या अन्य सहकारी संस्थाओं से सामग्री क्रय न करें। भण्डार क्रय नियम 2002 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए सामग्री का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

# आचार संहिता : गरीब ठेले वालों को किया जा रहा है परेशान

- आमापारा से लेकर साइंस कालेज तक छोटे व्यापारी भगाए जा रहे

**मुख्य नगर संवाददाता**




**रायपुर, 12 अप्रैल।** राज्य में लोकसभा चुनाव की घोषणा के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने की आड़ में नगर निगम के विभिन्न जोन आयुक्तों द्वारा सड़क के किनारे ठेला, खोमचा लगाने वालों को हटाया जा रहा है। इसके चलते गरीब लोग परेशान हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर शहर में 10 जोन हैं। इस समय निगम प्रशासन ने वेंडिंग जोन एवं नॉन वेंडिंग जोन के नाम से सड़कों का वर्गीकरण किया है। निगम प्रशासन का कहना है कि जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा व्यापार करने की अनुमति ठेला व खोमचे वालों को दी गई है वहीं पर उन्हें व्यापार करना चाहिए। यदि समय-समय पर उन्हें नहीं हटाया गया तो अराजकता बढ़ जाती है। जोन क्रमांक-5 ईदगाहभाठा का उड़नदस्ता इस समय काफी सक्रिय हो गया है। आमापारा से लेकर साइंस कालेज तक जीई रोड के किनारे फल, शरबत, फल्ली, शेक एवं नाश्ता बनाने वालों को ठेला नहीं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के कर्मचारी आए दिन इसकी घोषणा करते रहते हैं। नियम का पालन नहीं करने पर नाश्ता बनाने वालों का सिलेण्डर एवं नारियल बेचने वालों का नारियल लेकर चले जाते हैं। ठेला जब्त होने पर इसका जुर्माना देना पड़ता है। जोन क्रमांक 6 एवं 7 के अंतर्गत भी कई ठेले वालों को हटाया जा रहा है। राजधानी में इस समय मालवीय रोड में सबसे ज्यादा सड़क पर कब्जा करने वाले सक्रिय हैं। विधानसभा चुनाव के समय इन सभी को हटाया गया था। इसके कारण यहां पर यातायात सुगम हो गया था।

राजधानी में त्यौहारी सीजन में यातायात वैसे भी जाम हो जाता है। मालवीय रोड में ई-रिक्शा सहित अन्य वाहनों का प्रवेश फिलहाल रोक दिया गया है। एमजी रोड में भी बेतरतीब खड़े किए जाने वाले वाहनों को हटाया जा रहा है। विभिन्न जोन कमिश्नरों का कहना है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद यहां शांति व्यवस्था कायम करना जरूरी है। जिला कलेक्टर गौरव सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। वे नगर निगम के कार्यों की भी समीक्षा करते हैं। नगर निगम को संपत्ति विरूपण, मतदान केंद्रों की सफाई एवं अन्य कार्य सौंपे गए हैं। इसके चलते निगम प्रशासन आश्वयक कार्रवाई कर रहा है।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने बघेल पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप




**रायपुर, 12 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अंतर्कलह कम नहीं हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस से राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल एक बार फिर अपनों से घिर गए हैं। बघेल के खिलाफ एक बार फिर लेटर बम फूटा है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष राकेश सिंह बैस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखी है। बैस ने भूपेश बघेल और रायपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय दोनों पर आरोप लगाया है कि दोनों वरिष्ठ नेता अपने फायदे के लिए पार्टी को नुकसान पहुंचाते थे। बस्तर लोकसभा के पहले बघेल एक बार फिर विवादों से घिर गए हैं। इससे पहले एआइसीसी मेंबर अरुण सिंह सिसोदिया ने बघेल के खिलाफ प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को चिट्ठी लिखी थी। अब बघेल की शिकायत हाइकमान से की गई है।

## रायपुर की बेटी मुमुक्षु रत्ना दिशिता कुमारी 22 को अहमदाबाद में लेंगी दीक्षा

- जैन दादा बाड़ी में 2 दिवसीय महोत्सव 13 से

**रायपुर 12 अप्रैल।** रायपुर की 20 वर्षीय बेटी मुमुक्षुरत्ना दिशिता कुमारी गुरुभगवंतों को अपना प्रेरणास्त्रोत मानकर दीक्षा लेने जा रही हैं. इस अवसर पर एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में 13 और 14 अप्रैल को दीक्षा के निमित्त महोत्सव रखा गया है. यह महोत्सव गुरु भगवंत श्री श्वेततिलक विजय एवं गुरुभगवंत श्री गुणदर्शिता श्रीजी की पावन निश्रा में होगा. रायपुर और अहमदाबाद में 12 से 22 अप्रैल तक दीक्षा उत्सव चलेगा. गुरुभगवंत योगतिलक सूरीश्वर महाराज मुमुक्षुरत्ना दिशिता कुमारी को 22 अप्रैल को अहमदाबाद में दीक्षा देंगे. मुमुक्षु दिशिता 12 अप्रैल, शुक्रवार को घर से पूजन सामग्री के साथ सदर मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी. सदर मंदिर में सुबह 9 बजे प्रवचन और उसके बाद 10.15 बजे गुरुभगवंतों के साथ संकलेचा निवास जाएगीं. प्रवचन, 10 बजे पंच कल्याणक पूजा, दोपहर 2 बजे महिलाओं के लिए मेहंदी और सांझी, शाम



5.30 बजे चौविहार और शाम 7.30 बजे प्रभुभक्ति होगी. 14 अप्रैल, रविवार को सुबह 8 बजे सदर बाजार से दादाबाड़ी तक वर्षीदान यात्रा, प्रासंगिक प्रवचन जिसके पश्चात संयम संवेदना होगी. इसमें अहमदाबाद के आशीष भाई गोलछा और मुंबई के अभय भाई चोकसी की प्रस्तुति होगी।

## पति-पत्नी में घरेलू कामों को मिलकर करने की संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी

**रायपुर 12 अप्रैल।** पिछले नौ सालों से, एरियल इंडिया ने घरेलू कामों के असमान वितरण के बारे में चर्चाओं को तेज़ किया है और ज्यादा-से-ज्यादा पुरुषों को #ShareTheLoad के लिए प्रेरित किया है। जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ रहा है, पुरुषों ने अपने साथियों का समान रूप से समर्थन करने के महत्व को तेजी से पहचाना है। चूँकि हमने यह यात्रा 2015 में शुरू की थी, तब से उन पुरुषों का प्रतिशत जो यह मानते थे कि घर के काम, जैसे कपड़े धोना, केवल महिलाओं का काम है, 79% से घटकर 25% हो गया है। एरियल इस चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए आगे बढ़ रहा है, ताकि पुरुषों को केवल घरेलू कामों के भौतिक पहलू को ही स्वीकार करने के बजाय, घर में एक समूह के रूप में काम करने और मानसिक बोझ को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। यह सामूहिक प्रयास पुरुषों को उनके साथियों के विश्वास प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि



वह विश्व में आत्मविश्वासपूर्वक कदम रख सकती है। इस वर्ष, एरियल ने एक प्रासंगिक प्रश्न उठाया - आपकी होमटीम कितनी मजबूत है? पुरुषों को #ShareTheLoad के लिए प्रेरित करके, एरियल का उद्देश्य पतियों और पत्नियों के बीच समान स्वामित्व और घरेलू कामों को मिलकर करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे घर चलाने के शारीरिक और मानसिक दोनों पहलुओं को समर्थ रूप से एकीकृत किया जा सके। पुरुषों द्वारा अधिकाधिक कार्य लेने के बावजूद, कई महिलाओं के लिए घरेलू जिम्मेदारियों का मानसिक बोझ अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।

## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन का हिन्दू नव वर्ष मिलन कार्यक्रम

**रायपुर 12 अप्रैल।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवम् सर्व युवा ब्राह्मण परिषद का हिन्दू नव वर्ष मिलन कार्यक्रम हॉटल एमरॉल्ड, रिंग रोड, चंगोराभाठा में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, पुष्प वर्षा कर हिन्दू नव संवत्सर विक्रम संवत 2081 एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देकर सभी के सुख, शांति, समृद्धि व यश - कीर्ति में वृद्धि की कामना है. इस अवसर पर आयोजन रंगारंग संगीत के कार्यक्रम में बबीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, अनिता राव, अर्चना तिवारी, सुलभा पाण्डेय के गाये गये गीत पर सभी जमकर झूमें - नाचे एवं कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया. इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रांतीय अध्यक्ष अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, प्रांतीय महासचिव सुनील ओझा, प्रांतीय सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, त्रिभुवन तिवारी, महिला उपाध्यक्ष बबीता मिश्रा, गिरजाशंकर दीक्षित, वीणा मिश्रा, वसुधा राकेश तिवारी, रजनी भानुप्रकाश पाण्डेय, बी शैलजा रामकुमार, लक्ष्मी राव, वीणा ठाकुर, सुलभा पाण्डेय, कल्पना मिश्रा, सुमन पाण्डेय, अर्चना तिवारी, निकिता तिवारी, रीता तिवारी, रमाकांत दुबे, सुनील शुक्ला, उमेश शर्मा आदि विशेष रुप से उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम के संयोजक रजनी पाण्डेय, भानुप्रताप पाण्डेय एवं अनिता राव जी थे एवं आभार प्रदर्शन नमिता शर्मा ने किया।



## पैनासोनिक ने झारखण्ड में एसी की नई रेंज पेश की

**रायपुर 12 अप्रैल।** एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज झारखण्ड के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है। श्री अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में झारखण्ड के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है।

## अपने मताधिकार का प्रयोग कर दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें: सिंहदेव

**रायपुर 12 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं कैट सीजी चेप्टर के प्र्देश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा ने बताया कि आज शुक्रवार, दिनांक-12 अप्रेल 2024 को 19 एवं 26 अप्रेल तथा 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व-देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने भारत निर्वाचन आयोग कार्यव्यव पर्यवेक्षक श्री आस्तानंद पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं




जिलाधीश श्री गौरव कुमार सिंह जी, नगर निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्र एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप जी की उपस्थिति में कलेक्टर परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में निर्वाचन आयोग के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चेंबर के पदाधिकारी, व्यापारिक संघों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में चेंबर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंहदेव जी ने कहा कि व्यापारी वर्ग का विकसित सभ्य समाज एवं आर्थिक योगदान के साथ-साथ स्वस्थ शासन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की केवल एक ही मंशा है कि आने वाली सरकार व्यापारियों के हित में सोचे। व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनके व्यापार के विकास के लिए भी नए शासकीय योजनाएं लाई जाए। वर्तमान योजनाओं के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को शामिल किया जाए। प्रदेश की जीडीपी में योगदान देने वाले हम व्यापारियों की भी भावी सरकार के समितियों में स्थान मिले।

# तेज वर्षा से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित

- 30 अप्रैल से शुरू होगा हरा सोने का संग्रहण
- 900 सहकारी समितियों में 16 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

**मुख्य नगर संवाददाता**



**रायपुर, 12 अप्रैल।** बेमौसम वर्षा और अंधड़ के कारण छत्तीसगढ़ का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर असर पड़ा है। राज्य में सुकमा, बीजापुर तथा कोरबा में उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता का उत्पादन होता है। राज्य में 30 अप्रैल से तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधीन काम करने वाले लघुवनोपज निगम के माध्यम से तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। इसके लिए 900 से अधिक सहकारी समितियों का गठन किया गया है। बेमौसम वर्षा और तेज अंधड़ के कारण तेंदूपत्ता की क्वालिटी खराब होने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार अंधड़ के तेंदूपत्ता की कटिंग (प्रूनिंग) का काम प्रभावित हो रहा है। बस्तर जिले के भानुप्रतापपुर, सुकमा तथा दंतेवाड़ा में अच्छी क्वालिटी के तेंदूपत्ता मिलते हैं। वर्तमान में इनकी बिक्री ई-टेण्डर के माध्यम से की जाती है। छत्तीसगढ़ का तेंदूपत्ता उच्च गुणवत्तायुक्त होता है। इसलिए महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, बंगाल के व्यापारियों के बीच इसकी अच्छी डिमांड है। बंगाल की अधिकांश बिड़ी निर्माता कंपनी प्रमुख खरीदार है। तेलंगाना में इससे बना चुरुट काफी लोकप्रिय है। इसलिए दक्षिण के व्यापारी इसे खरीदने के लिए सक्रिय रहते हैं। एक अनुमान के अनुसार तेंदूपत्ता की नीलामी से सरकार को 900 से 1000 करोड़ रुपए तक की आय होती है। जिन कंपनियों ने टेंडर भरा है उन्हें ही तेंदूपत्ता संग्रहण का काम दिया जाता है।

### लाल आतंक का साया

30 अप्रैल से राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए राज्य के वनमण्डलाधिकारी से लेकर वनक्षेत्राधिकारी, वनरक्षक की भी ड्यूटी लगाई गई है। मजदूरों को सही समय पर भुगतान किया जाना है। चूंकि अधिकांश व्यापारी महाराष्ट्र के चंद्रपुर से होकर मोहला-मानपुर से बस्तर की ओर जाते हैं। लोकसभा चुनाव के कारण चेकिंग के दौरान उन्हें रोका जाता है। इसके अलावा यहां नक्सली भी सक्रिय रहते हैं। लाल आतंक के साये को देखते हुए पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई है। राज्य के गरियाबंद, कोरबा, सरगुजा के अलावा कोरिया में भी तेंदूपत्ता पाया जाता है। संग्रहण का काम एक महीने तक चलेगा। संग्रहण के पश्चात इसे गोदाम में रखा जाता है। कई व्यापारी इसे अपने-अपने गृह जिले भी ले जाते हैं। पिछले कई वर्षों से यह काम व्यापारियों से छीनकर सहकारी क्षेत्रों को दे दिया गया है जिसके कारण राजनांदगांव, धमतरी तथा रायपुर के बिड़ी मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। वन विभाग शीघ्र ही वन उत्पादित इमली, महुआ, चिरौंजी के विक्रय के लिए भी टेंडर जारी करेगा।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प



**रायपुर 12 अप्रैल।** सर्व ब्राह्मण समाज ने शांति विहार कॉलोनी डगनिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। समाज के पदाधिकारियो ने डगनिया स्थित सुनंदा सदन में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया । समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि मतदान हमारा प्रजातांत्रिक अधिकार है, इसका सम्मान करना गर्व की बात है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर देश व समाज को गौरवान्वित करें, इसी में प्रजातंत्र की रक्षा निहित है। आयोजन में मुख्य रूप से ललित मिश्रा ,रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, सुधा शर्मा, शशि पांडे, सुनंदा दुबे, पुष्प पांडे, निशा दुबे ,शिवम शर्मा, तृप्ति दुबे; धर्मासी दुबे सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26